वर्ष- 20 अंक - 323 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
इंदौर, गुरुवार 08 मई 2025





# सुबह-सुबह धमाकों से दहला लाहौर

## सायरन की आवाज सुन घरबार छोड़कर भागे लोग

लाहौर ● एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के बड़े हमले के बाद पाकिस्तान का लाहौर आज सुबह-सुबह धमाकों से दहल गया। ऐसा लग रहा था मानो यहां ड्रोन अटैक हुआ हो। लाहौर एयरपोर्ट के पास ताबड़तोड़ एक के बाद एक तीन धमाके हुए। धमाकों गूंज से लोगों की सांसे थम गईं। पूरे शहर में सायरन बजने लगे। लोग डर के मारे घर से बाहर भाग निकले। धमाकों से धूल-धुएं का गुबार दिखने लगा। इन धमाकों से लाहौर सहित पूरे पाकिस्तान में खलबली मच गई। धमाकों की गूंज कई किमी दूर तक सुनी गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। धमाकों के बाद लाहौर एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया। जिस जगह ये विस्फोट हुए उधर पाकिस्तानी आर्मी का यूनिट भी है।





### 7 और पाकिस्तानी जवानों को मार डाला

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** बलूच विद्रोहियों ने एक बार फिर पाकिस्तानी सेना पर हमला किया है। बीते 24 घंटे में पाक सेना पर बलूचों का यह दूसरा बड़ा हमला है, जिसमें 7 सैनिकों के मारे जाने का दावा किया गया है। यह हमला बोलान के माछकुंड में किया गया। बलूच लिबरेशन आर्मी की स्पेशल टेक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वैड ने पाकिस्तानी सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला किया। पाकिस्तानी सेना की गाड़ी को रिमोट से उड़ा दिया गया।

## अमृतसर में भी तीन धमाकों से दहशत




**अमृतसर.एजेंसी।** भारत के कब्जे वाले पंजाब के अमृतसर में कल रात को ब्लैक आउट किया गया था। इसी दौरान यहां तीन धमाकों की आवाज सुनाई दी जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद यहां पूरी रात ब्लैक आउट रखा गया। पुलिस ने धमाके की आवाज आने वाली जगह की जांच की तो कुछ नहीं मिला। अमृतसर के अलावा जालंधर व लुधियाना में भी ब्लैक आउट रखा गया।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद.एजेंसी।** भारत-पाक तनाव के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पाकिस्तान के नाम से धमकी भरा ईमेल आया है।

## भारत अलर्ट, कई एयरपोर्ट और स्कूल बंद

### पाकिस्तान कर सकता है बदले वाला हमला

गुरुवार ● एजेंसी

भारत के हमले के बाद पाकिस्तान ने खून का बदला खून से लेने की धमकी दी है। भारत को भी लग रहा है कि पाकिस्तान भी बदले की कार्रवाई कर सकता है, इसलिए सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है। जम्मू कश्मीर में स्कूल बंद कर दिए गए। सीमावर्ती इलाके खाली करा लिए गए। जोधपुर में भी स्कूलों पर ताला लगा दिया गया। भारत ने सभी एयर डिफेंस यूनिट एक्टीवेट कर दिए हैं। कई एयरपोर्ट बंद कर दिए। भारत की तीनों सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। जम्मू में शाम होते ही बाजार बंद होने लगे हैं। अमृतसर में भी एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। सीमावर्ती इलाकों से लोग पलायन कर रहे हैं।

## पाकिस्तानी गोलाबारी जारी, भारतीय सेना का एक जवान शहीद

जम्मू ● एजेंसी

भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान सीमा पर लगातार फायरिंग और गोलाबारी कर रहा है। पुंछ में पाकिस्तानी फायरिंग में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया। कल रात को पाकिस्तान ने कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, अखनूर में भी फायरिंग की और मोर्टार के गोले दागे। पाकिस्तानी फायरिंग में अब तक 4 बच्चों सहित 15 की मौत हो चुकी है और 57 लोग घायल हुए हैं। सीमावर्ती गांवों के कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है।



## मारे गए कई बड़े आतंकी

**गुरुवारत.एजेंसी।** भारत के हमले में मारे गए आतंकियों में कई बड़े आतंकी भी शामिल हो सकते हैं। शायद इसलिए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान के कई अधिकारी और खूंखार आतंकी हाफिज सईद जैसे लोग शामिल हुए। आतंकियों की लाशें भी पाकिस्तान के झंडों में लिपटी दिखाई दी। एक तरह से पाकिस्तान ने इन आतंकियों को शहीद की तरह सम्मान दिया। एक आतंकी के शव को पाकिस्तानी राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए फूल भी रखे गए।

## मिट्टी में मिला आतंकी हाफिज सईद का आतंकी कैंप

### मारे गए आतंकियों के शव निकालते हुए देखा गया

गुरुवार ● एजेंसी

**भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के मुरीदके शहर स्थित लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वार्टर नेस्तनाबूद हो गया है। हाफिज सईद के टेरर कैंप में हुई तबाही का मंजर बयान करता एक नया वीडियो सामने आया है।**

करीब 82 एकड़ जमीन में फैले इस परिसर के वीडियो में रेस्क्यू की गाड़ियां, एम्बुलेंस खड़ी





नजर आ रही हैं। हाफिफ सईद के टेरर कैंप की ध्वस्त इमारतों का बिखरा मलबा भारतीय हमले में हुई तबाही का मंजर बयान कर रहे हैं। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि इमारतों की छतें फर्श में तब्दील हो गई हैं। इमारत के अंदर भी दीवारों ने जो बोझ उठा भी रखा है, उसमें भी बस सरिया ही नजर आ रहा है। बताया जाता है कि इस कैंप में कई आतंकी मारे गए, जिनके शव भी यहां से निकालते हुए देखे गए।

## गंगोत्री के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून.एजेंसी।** चारधाम यात्रा के बीच आज उत्तरकाशी जिले में हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत की खबर आ रही है। 7 सीटर हेलिकॉप्टर गंगोत्री के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। पुलिस और प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच गई है। टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। गंगानी से आगे नाग मंदिर के नीचे भागीरथी नदी के पास हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

### 6 स्कूली बच्चों की मौत

**पटियाला.एजेंसी।** पंजाब के पटियाला में ट्रक व इनोवा की टक्कर में 6 स्कूली बच्चों और इनोवा गाड़ी के ड्राइवर की मौत हो गई। ये बच्चे स्कूल जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। इनोवा गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

# उपयोग करे हुए पानी से पौधों को करेंगे सिंचित

## विजयवर्गीय ने किया वॉटर आपूर्ति कार्य का भूमिपूजन और फिर लगाए पौधे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रेवती रेंज पहाड़ी पर वृक्षों की सिंचाई हेतु रियूज्ड वॉटर आपूर्ति कार्य का भूमि पूजन करने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी भूमिका निभाई। एक पेड़ माँ के नाम योजना के अन्तर्गत रेवती रेंज पर बड़ी तादाद में गत वर्ष पौधों का रोपण हुआ था, जो अब बड़े भी हो चुके हैं। इन वृक्षों की सिंचाई और उपयोग में आने के बाद यहां वॉटर पहुंचाने की इस परियोजना को शुरू करने के पहले मंत्री कैलाश



विजयवर्गीय ने भूमिपूजन किया और पौधारोपण कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस कार्य में 11.88 करोड़ रु. की लागत आना है। पहाड़ी पर बड़े पेड़ वाले पौधों का रोपण किया, जिनमें आम, चीकू, इमली, नींबू, जामुन के पौधे हैं। पार्षद सोनाली विजय परमार, अधिकारी नरेश कुमार, अभय राजनगांवकर, नागेन्द्र भदोरिया, चेतन पाटिल, नरेन्द्र कुरील मौजूद थे।

### परियोजना की मुख्य विशेषताएँ–

- » वृक्षों तक जल आपूर्ति हेतु 10 किलोमीटर लंबा वितरण नेटवर्क बिछाया जाएगा।
- » 300 मिमी व्यास की 7.5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का निर्माण।
- » कबीटखेड़ी एस.टी.पी पर 180 एच.पी. क्षमता के पंपों की स्थापना।
- » 0.3 एम.एल. क्षमता के सम्पवेल (पानी संचयन कुएं) का निर्माण।
- » 1 एम.एल. क्षमता की 8 मीटर ऊँचाई वाली जल टंकी का निर्माण।
- » नवीन सम्पवेल में 100 एच.पी. के पंपों की स्थापना।
- » सम्पवेल से टंकी तक 300 मिमी व्यास की 800 मीटर पाइपलाइन का निर्माण कार्य होगा।



## खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते रहे विजयवर्गीय और भार्गव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वदेशी खेलों को सम्मान और मंच मिले साथ में बढ़ावा हो इसे लेकर पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं मोयरा सरिया के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन भारतीय खेल 'पिट्टू' की 5वीं सीनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष वर्ग) एवं दूसरी सब-जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप का शुभारंभ करने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव पहुंचे। नन्दकिशोर पहाड़िया, हरिनारायण यादव, गुलाबसिंह चौहान, संदीप जैन, नवीन गौड़, ईश्वरसिंह चौहान सहित अन्य उपस्थित थे। विजयवर्गीय ने देशी खेल भी खेले



## सैन्य अधिकारियों के साथ साझा की खुशियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रेवती रेंज पर कल कार्यक्रम में शिरकत की थी। इस दौरान वहां मौजूद सैन्य अधिकारियों के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी का इजहार किया। इन सैन्य अधिकारियों को मिठाई खिलाई गई और उनका स्वागत भी विजयवर्गीय द्वारा किया गया।



## एकात्म पर्व कार्यक्रम में पहुंचे राजनेता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एकात्म पर्व कार्यक्रम में आचार्य शंकर-जीवन दर्शन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संत प्रबुद्धानन्द सरस्वती महाराज और स्वामी उज्जवलानन्द महाराज की मौजूदगी रही। व्याख्यान भी हुए। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी और राज्य मंत्री मोहन नागर, विनोद मोहिने, अमित शाह सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक की मौजूदगी में मंडल पदाधिकारियों को कराया दायित्व बोध



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 4 के शहीद भगतसिंह मंडल में अध्यक्ष हेमेन्द्र झिनिवाल पहले से बने हुए थे। अब 60 पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य विशेष आमंत्रित भी बनाए गए। मंडल के नए पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्य को दायित्व बोध का कार्यक्रम विधायक मालिनी गौड़, संगठन उपाध्यक्ष एकलव्यसिंह गौड़ की मौजूदगी में कराया गया। पद का दायित्व क्या होता है उसका बोध कराया गया। इन पदाधिकारियों ने महूनाका स्थित लक्ष्मणसिंह गौड़ की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में शिवसिंह गौड़, बंसी चौरसिया, नारायण चौहान, महेश कुकरेजा, वीरेन्द्र शेंडगे, हेमेन्द्र झिनिवाल, लखन परमार, मंजूर अहमद, पिंकी बेतव, रमेश यादव, विजय गुंजाल, अमन कपोनिया, राजेन्द्र वर्मा, हमीद नियारगर, अरविंद चंदेल, दीपक राठौर, सूरज सिरवैया सहित अन्य मौजूद थे।

## विजयवर्गीय बोले मार्क ड्रील में नजर आई अनुशासनहीनता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में कल हुई मार्क ड्रील के दौरान मिलाजुला असर देखने को मिला। मुख्य मार्ग और मुख्य स्थानों पर तो अंधेरा नजर आया लेकिन कई कालोनियों, आसपास के क्षेत्रों में ब्लेक आऊट जैसी स्थिति नजर नहीं आई, ऐसे में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौरवासियों की अनुशासनहीनता बताई और आगामी समय में इसे ना दोहराने की अपील भी की।

**कहीं बजी सीटी तो कहीं हुआ हुड़दंग, आगे से मार्क ड्रील में ऐसा नहीं करने की अपील की**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर की पहचान एक अनुशासित शहर के रूप में है। यही कारण है कि देश में इंदौर लगातार स्वच्छता में प्रथम स्थान प्राप्त करता है, लेकिन कल हुई मार्क ड्रील के दौरान अनुशासनहीनता देखने को मिली। उन्होंने इंदौरवासियों से अपील की है कि आगामी समय में जब भी मार्क ड्रील हो तो सभी अपने घरों में रहे और सिटी बजाना, हुड़दंग करना ऐसी हरकतें ना करें, अनुशासित रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कल शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने बेरिकेटिंग की थी, तब वाहन चालक भी रुक गए थे। वाहनों की बत्ती भी बंद कर दी थी, लेकिन कालोनियों की गलियों में वहीं इंदौर के आसपास के इलाकों में बत्तियां चालू रही, ऐसे में शहर में हुए ब्लैक आउट का मिलाजुला असर देखने को मिला।

## पटवारी बोले- हम सरकार के साथ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत की ओर से कल पाकिस्तान को दिए गए जवाब को लेकर प्रदेश के पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा कि सेना ने जो करवाई कि वह वाजिब है। जहां-जहां आतंक के बीज मिलेंगे, सेना वहां कार्रवाई करेगी, करना भी चाहिए। देश एकजुट है, हम सब सरकार के साथ है, देश में हर्ष का माहौल है।



## विधायक वर्मा सड़क किनारे गाड़ी रोककर खड़े रहे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला प्रशासन द्वारा मार्क ड्रील को लेकर अपील की गई थी कि इस दौरान राहगीर भी अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा कर लाइट बंद कर दे। इसी निर्देश का पालन करते हुए विधायक मधु वर्मा ने ब्लैक आऊट के दौरान अपनी गाड़ी की लाइट बंद कर साइड में खड़ी की।

## महापौर ने ली पार्षदों के साथ बैठक




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सिटी बस कार्यालय में पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की। पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोषों की हत्या के मुद्दे पर सेना ने आपरेशन सिंदूर सफल अभियान चलाया। इस पर चर्चा हुई और कहा कि भारत की ओर उठने वाली हर गलत निगाह का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। निगम आयुक्त शिवम वर्मा और भाजपा पार्षदगण मौजूद रहे।



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुरज सिंह चावडा पिता श्री रमेश चावडा निवासी- 289, मारूती नगर, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, इन्दौर, म.प्र.से उनके स्वामित्व आधिपत्य का भूखंड कमांक- 206, न्याय नगर, ग्राम कबीट खेडी, तहसील मल्हारगंज, जिला इन्दौर के सर्वे कमांक 161/2 पैकि स्थित है। उक्त भूखण्ड की तल जमीन की साईज 20 फीट बाय 50 फीट होकर कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट हैं, को सर्व भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर मेरे पक्षकार ने विक्रय प्रतिफल स्वरूप आंशिक बयाना राशि का भुगतान भी विक्रेता पक्ष को कर दिया है। उक्त विक्रय संव्यवहार बाबद अन्य किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक का कोई ऋण, भार, बोझ, स्वत्व या वैधानिक आधिपत्य हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अंदर मय दस्तावेजों के आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूखंड के शेष विक्रय प्रतिफल की राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रय लेख का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेंगे बाद मियाद किसी भी पक्ष की कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेंगी। सो सूचित होवें।

सुभाष कुमार कुशवाह ( एडव्होकेट एवं नोटरी )
ऑ-63-64 श्रीराम नगर छोटा बांगड़दा, एमआर-5 रोड इन्दौर ( म.प्र. )
मो.-89824-36186

# श्रीराम मंदिर का बिजली बिल 25 लाख का बकाया

## लक्ष्मणदास महाराज के नाम से हैं मीटर, दबाव में नहीं कट रहा है कनेक्शन



**Madhya Pradesh Paschim Kshetra Vidyut Vitran Company Ltd.**
G.P.H. Compound, Pologround, Indore (M.P.)
(Wholly Owned by Govt. of M.P.)
GST No. 23AADCM7397N1ZU CIN No. U40109MP2002SGC015121 Call Centre No. 1912 https://www.mpwz.co.in

Security Deposited: INR 37548.00
Security Deposit Pending: INR 0.00
**Total Amount Payable Till Due Date: INR 2543793.00**
**Total Amount Payable After Due Date: INR 2575590.00**
**Due Date: 22-04-2025**

**Consumer No. N3474002907** ( KNZ10 - 22 )
Purpose: Domestic light and fan
**Mr./Ms. LAXMANDAS JANKIDAS BAIRAGI**
PANCHKUIA RAM MANDIR, SATSANG BHAWAN, INDORE
Mobile No. 78*****067
Email Id:
Customer Care Details
**Call Centre No. 1912**
A.E.: Ram uttam Deshmuksh ( 7312349049 )
E.E.: Sunil Kumar Singh ( 7312411922 )

Connection Type: Domestic ( LV1.2 ) URBAN
Sanctioned Load: 14.0 KW Phase: THREE
Meter serial No: ISKRAEMECOE066191
**DC / Zone: Kalani Nagar**
Division: indore west
Feeder Code: 8022732001
DTR Code: KLN0000045
Bill No. APR25N002854938
**Bill Month: APR-2025**
Billing Date: 07-04-2025
Bill Type: Actual Bill Read Type: NORMAL

**Reading Detail**

| Current Reading | Current Reading Date | Previous Reading | M.F. | Metered Unit Consumption | Assessed Units | Final Consumption | Average Unit Per Day |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2729.37 | 01-04-2025 | 2724.83 | 40 | 4.54 | 0.00 | 181.60 | 5.86 |

**Last Payment Detail**

| Bill Month | Amount Paid | Payment Reference No. | Payment Date |
|---|---|---|---|
| MAR-2025 | 20000 | 11547131 | 26-03-2025 |
| | 0 | | |

**Last Six Months Consumption**

| Bill Month | Date | Reading | Unit |
|---|---|---|---|
| MAR-2025 | 01-03-2025 | 2725 | 959 |
| FEB-2025 | 01-02-2025 | 2701 | 1033 |
| JAN-2025 | 01-01-2025 | 2675 | 2447 |
| DEC-2024 | 01-12-2024 | 2614 | 3054 |
| NOV-2024 | 01-11-2024 | 2538 | 3359 |
| **APR-2024** | **01-04-2024** | **1846** | **3194** |

**Vigilance / O&M Panchnama Detail**

| Description | Amount |
|---|---|
| | |

| Billing Details | Amount in INR |
|---|---|
| Energy Charges | 936.56 |
| Fuel and Power Purchase Adjustment Surcharge | -3.57 |
| Fixed Charge | 351.00 |
| Electricity Duty | 98.00 |
| Additional SD Installment | 0.00 |
| Other Charges | 0.00 |
| Month Bill Amount | 1381.98 |
| **M.P. Govt. Subsidy Amount** | **0.00** |
| Interest On Security Deposit (-) | 69.93 |
| CCB Adjustment | 0.00 |
| Lock Credit / Employee Rebate (-) | 0.00 |
| Previous Month Delayed Payment Surcharge | 31964.00 |
| Online / Advance Payment Incentive (-) | 0.00 |
| **Current Month Bill Amount** | **33276.00** |
| Old Dues / Arrear | 2510517.00 |
| Amount Received against Bill | 0.00 |
| Smart Meter RC/DC Amount Received | |
| Vigilance / O&M Due Amount | |
| Interest on Vigilance / O&M Due | |
| **Total Amount Payable** | **2543793.00** |

Save Energy For Better Tomorrow
Thu May 08 10:40:02 IST 2025 NGB-Report v16 1.1.11 1/1

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित श्रीराम मंदिर पंचकुइया के महामंडलेश्वर और संचालक रहे लक्ष्मणदास महाराज इस समय बैकुण्ठवासी है और उनके नाम से बिजली का बिल मीटर सर्विस क्रमांक एन-3474002907 है और इस मीटर पर विद्युत मंडल को 25 लाख 10 हजार रु. के करीब लेना बाकी है। लगातार विद्युत मंडल द्वारा तगादा किया जाता है, लेकिन आज तक कभी भी लाइन विच्छेद नहीं की गई। यह बिल अचानक नहीं आया है, जबकि सालोंसाल से बिजली का बिल बकाया चल रहा है। लक्ष्मणदास महाराज के समय से ही यह बिल लाखों रुपये का बकाया था और अब जब रामगोपालदास महाराज यहां की व्यवस्था को देख रहे हैं तब भी यह बिल और बढ़ गया। सूत्रों का कहना है कि विद्युत मंडल के अधिकारी अगर दो माह में छोटा-सा बिल किसी का होता है तो उसके यहां भी कनेक्शन विच्छेद करने पहुंच जाते हैं। इस स्थान पर राजनेताओं का भी आना-जाना लगातार लगा रहता है और यहां से दूसरे क्षेत्र के एक विधायक भी हस्तक्षेप रखते हैं। सूत्रों का यही कहना है कि विद्युत मंडल के अधिकारियों पर दबाव बनने से यहां का विद्युत बिल का बकाया समय पर जमा नहीं हो रहा है और विद्युत बिल की राशि लगातार बढ़ रही है। अप्रैल माह का बिल जो मई में आया है वह भी 33 हजार 276 रु. का है, इसमें पिछले बिलों के भुगतान नहीं होने पर सरचार्ज भी लगा हुआ है और उस सहित अभी राशि 25 लाख 43 हजार 793 रु. की बाकी है। राजनीतिक दबाव के चलते बिल भरने के लिए भी विद्युत मंडल का झोन प्रयास तो करता है लेकिन ताकत नहीं लगाता है। इसी कारण लगातार राशि बढ़ रही है। इधर ट्रस्ट पर भी अंगुलियां उठ रही है कि वे बिल भरने में सहयोग नहीं कर रहे हैं, जबकि व्यवस्था संत संभाल रहे हैं और राजनेताओं का आना-जाना भी यहां लगा रहता है। इस मामले में आज विद्युत मंडल के ए.ई. राम देशमुख से बात की तो उनका कहना रहा कि हमने अब पार्ट पैमेंट की सुविधा शुरू कर दी है और हर माह 30 हजार रु. की राशि मंदिर द्वारा जमा की जाएगी। श्री देशमुख का यह भी कहना है कि मैं अभी कालानी नगर झोन पर 4 माह से ही आया हूं और हमने इस मामले पर सख्ती भी की और पूर्व में कनेक्शन भी काटा था और इसी कारण इस माह से 30 हजार रु. जमा होना हर माह शुरू हो गया है।

**अब नए ए.ई. ने शुरू कराई किश्त**

## कांग्रेस ने संविधान बचाओ यात्रा आयोजन निरस्त किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के सभी शहर और जिला को निर्देशित किया था कि 10 मई तक हर हाल में अपने-अपने क्षेत्रों में संविधान बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया जाए। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने जीतू पटवारी के निर्देश पर संविधान बचाओ कार्यक्रम निरस्त कर दिए। इंदौर में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, जिसमें जीतू पटवारी की भी मौजूदगी रहना थी। कामले ने यह लिखा कि वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिनांक तक यह संविधान यात्रा स्थगित की गई है। अब यह संविधान यात्रा कब होगी इसके लिए दिशा-निर्देश फिर से दिए जाएंगे।

# आज दोपहर मेयर इन कौंसिल की बैठक

## 7 मुद्दों पर होगी चर्चा, आयुक्त ने लिखे हैं पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज गुरुवार की दोपहर 2 बजे से महापौर सभागृह निगम मुख्यालय में मेयर इन कौंसिल की बैठक होगी। महापौर और 9 एमआईसी सदस्यों के अलावा निगम आयुक्त और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इनमें 7 मुद्दे रखे गए हैं। विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और रेगपीकर्स के प्रिय पेड कार्ड और मोबाइल पास मुद्दे पर, यशवंत सागर के जल प्रदाय क्षमता बढ़ाने और डूब प्रभावित कृषकों को मुआवजा देने के संबंध में, 3-आर नवाचार के अन्तर्गत कचरे में एकत्रित होने वाले कपड़े के पुनः उपयोग, स्ट्रीट वेंड का सर्वेक्षण करने, डेटाबेस तैयार करने, योजना तैयार करने, वेंडिंग झोन की पहचान एजेंसी के चयन पर चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना में अरावली में स्थित एक दुकान के स्वामित्व अधिकार अंतरित किए जाने, इसी योजना में दुधिया देवगुराड़िया स्थित शिवालिक परिसर में निर्मित 4 दुकानों को स्वामित्व अधिकार अंतरित किए जाने पर, पलासिया, मनोरमागंज तिराहा का नाम सिद्धार्थ चौक करने के संबंध में आय पत्र पर चर्चा होगी। इन 7 मुद्दों पर चर्चा के अलावा गत बैठक के निर्णय की पुष्टि करना और अन्य विषय महापौर के स्वीकृति के बाद रखे जा सकते हैं। इनमें ज्यादातर पत्र आयुक्त द्वारा महापौर परिषद को लिखे गए हैं। उसी आधार पर चर्चा होगी। एमआईसी सदस्य भी अपनी बातें रखेंगे, लेकिन प्राथमिक तौर पर पहले 7 मुद्दों पर चर्चा होगी, जो एजेंडे में शामिल है।



## सम्बल योजना में दिलवाया लाभार्थियों को लाभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 5 के वार्ड 47 में पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया ने सम्बल योजना के 2-2 लाख रु. और राष्ट्रीय परिवार संहिता के 20 हजार रुपये 10 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण कर दिलवाए। सुनीता लिहनकर, सुशीला दीवान, सरोज वर्मा, सोनल साहू, सुनीता वर्मा, सुनीता सिंह, रेखा सेठिया, राजेश अग्रवाल, भगवती सेरिया, राधा बाई को लाभार्थी पत्र दिए।

# युवक कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष के दावेदार पर चुनावी संकट

## नामीनेशन की साइट भी पड़ी है हेंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश युवक कांग्रेस से लेकर शहर-जिला और विधानसभा स्तर तक युवक कांग्रेस के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। भले ही नामीनेशन की अंतिम तारीख 12 मई कर दी गई हो, लेकिन अभी नामीनेशन करने वाली साइट ही हेंग पड़ी हुई है, इसलिए नामीनेशन की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इधर युवक कांग्रेस की राजनीति से जुड़े सूत्रों का कहना है कि विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार, वरिष्ठ नेता कमलनाथ सहित अन्य नेताओं ने प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए यश घनघोरिया के नाम पर मुहर लगाई थी और घनघोरिया को मजबूत उम्मीदवार अध्यक्ष का माना जा रहा था। इसी बीच युवक कांग्रेस के जानकारों ने युवक कांग्रेस के चुनाव अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई कि यश घनघोरिया ने अभी तक युवक कांग्रेस का प्रदेश से लेकर शहर-जिला और विधानसभा स्तर पर कोई चुनाव नहीं लड़ा है। इसलिए वे अध्यक्ष चुनाव लड़ने की योग्यता नहीं रखते हैं। विरोधियों ने चुनाव लड़ने के पहले शिकवा-शिकायत शुरू कर दी थी। अब प्रदेश के वरिष्ठ नेता घनघोरिया को चुनाव लड़ाने के लिए रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन नियम में घनघोरिया अभी तो उलझे दिख रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए कोई भी एक चुनाव लड़ना आवश्यक नियम में हैं, अब सूत्रों का यह कहना है कि उमंग सिंघार और जीतू पटवारी दोनों ही गुट के पास अभी कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है इसलिए अब प्रयास किए जा रहे हैं कोई नया चौकाने वाला नाम बाहर निकाला जाए। वहीं इंदौर शहर में अमित पटेल, अंकित दुबे, निखिल वर्मा दावेदार है और जिले में दौलत पटेल प्रमुख है।

# डेढ़ माह से क्षतिग्रस्त है पानी की लाइन

## कांग्रेस ने कहा- ठेकेदार क्यों नहीं करा रहे हैं दुरुस्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी का कहना है कि विधानसभा 1 के वार्ड 14 स्थित अम्बिकापुरी एक्सटेंशन में ठेकेदार ने करीब डेढ़ माह पहले ड्रेनेज लाइन डालवाई थी उस दौरान बोरिंग पानी की लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी और इस डेढ़ महीने में रहवासी पानी के लिए परेशान हो उठे। इस मामले में झोन से लेकर ठेकेदार को भी शिकायत की गई, लेकिन वह कार्य नहीं किया गया। द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में झोनल अधिकारी दीपक और जल विभाग के शुभम सिसोदिया से चर्चा की तो दोनों का ही कहना है कि ठेकेदार लाइन तो सुधार देगा वह काम टेंडर में हैं। इधर ड्रेनेज विभाग के इंजीनियर का कहना है कि वह अपना काम कर चुका है। अब आगे का काम उसका नहीं है। द्विवेदी ने बताया कि ठेकेदार रवि का कहना है कि रहवासी पैसे दे तो वह लाइन ठीक कर देगा। आखिर अधिकारी ठेकेदार को बचाने का काम क्यों कर रहे हैं, उन्हें आदेशित क्यों नहीं कर रहे हैं, नोटशीट क्यों नहीं चला रहे हैं, काम नहीं करने पर काली सूची में डालने का नोटिस क्यों नहीं जारी कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि चुप क्यों है क्या वे अधिकारियों की मनमानी का साथ दे रहे हैं। ठेकेदार को संरक्षण किसका है यह भी तय होना चाहिए। अगर मामला ठीक नहीं हुआ तो मामले को न्यायालय में ले जाया जाएगा।

### भाजपा प्रवक्ता की स्मृति में होने वाली भजन संध्या रद्द

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश प्रवक्ता रहे गोविंद मालू की स्मृति में मालू परिवार द्वारा आज भजन संध्या स्कीम नं. 140 में की जाना थी। मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए परिवार ने आज होने वाली भजन संध्या को निरस्त कर दिया।

# बिस्किट फैक्ट्री व जमीन की बनाई फर्जी वसीयत

## भाइयों और भतीजे ने की जालसाजी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पोलोग्राउंड इलाके में लीज पर मिली भूमि और बिस्किट फैक्ट्री के कूटरचित दस्तावेजों से पिता की फर्जी वसीयत बनाकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया हैं। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुजुर्ग फरियादी के भाई-भतीजों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक विजय कुमार पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (70) निवासी अलंकार पैलेस केसरबाग रोड की ओर से आरोपी चन्द्रभान पिता स्व. कोडाराम पाहुजा निवासी सुदामा नगर, अशोक पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (66) निवासी वीर सावरकर नगर, वेदप्रकाश पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (64) निवासी पलसीकर कॉलोनी. कैलाश पिता स्व. कोडाराम पाहुजा (62) निवासी सच्चिदनंद कॉलोनी, संजय पिता चन्द्रभान पाहुजा, निवासी सुदामा नगर और रवि पिता सेवकराम कोडवानी निवासी दुबे कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मामला औद्योगिक इलाके पोलोग्राउंड स्थित भूमि और बिस्किट कारखाने का है। फरियादी विजय कुमार पाहुजा और उसके पिता स्व. कोडाकराम और दादा स्व. लाधाराम को औद्योगिक संस्थान पोलोग्राउंड द्वारा कुल 30500/ स्क्वेयर फीट भूमि गर्वनर ऑफ मप्र से दिनांक 19 जनवरी 1967 को 99 वर्ष की हस्तांरणीय लीज पर दी गई थी। जिस पर परिवादी के पिता स्व. कोडाराम, उनके भाई केशवलाल और पिता स्व लाधाराम ने उक्त समय एक भागीदारी फर्म बी.जे. कन्फेशनरी एंड बिस्किट बनाकर भागीदार फर्म के नाम से फैकटरी प्रारंभ की गई। आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए फर्जी एवं कूटरचित रूप से वसीयत नामा तैयार कर लिया। इस पर परिवादी के पिता के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। स्व. कोडाराम की मृत्यु के काफी वर्षों बाद गवाहों और बी.जी. मालवीय नोटरी के साथ आरोपियों ने संग्नमत होकर धोखाधड़ी को अंजाम दे दिया व वसीयतनामों को नोटरी के माध्यम से निष्पादित करवाया।

## फर्जी डिस्ट्रीब्यूटर का लेटर थमाकर हड़पे साढ़े 25 लाख

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पंढ़रीनाथ इलाके में एक व्यक्ति को सीमेंट कंपनियों के फर्जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप का लेटर थमाकर आरोपियों ने 25 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे दिया। आरोपियों ने फरियादी को रेत खदानों की रॉयल्टी देने का भी वादा किया था।

पंढरीनाथ पुलिस ने फरियादी विजय उर्फ विक्की जाधव की शिकायत पर आरोपी उज्जवल जैन निवासी कृष्णापुरा ग्राम नांदरा जिला खरगोन, नवीन जैन और निधि जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया गया।पुलिस के अनुसार घटना की शुरुआत 23 अक्टूबर 2023 से हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने कोरोमंडल किंग सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट और निर्माण में उपयोग होने वाली रेत खदान की रॉयल्टी देने का झूठा आश्वासन दिया और सीमेंट कंपनियों के फर्जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेटर दे दिए और कुल राशि 25 लाख 47 हजार रुपए अपने खातों में डलवा लिए। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने कल शाम मामले में आरोपी परिवार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मल्टी मार्केटिंग का तथ्य छिपाकर दिया धोखा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विजय नगर इलाके में कंपनी के कार्य और मल्टी मार्केटिंग तथ्य छिपाकर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। विजय नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी आकाश यादव, राजकुमार एवं मोनू यादव की रिपोर्ट पर आरोपी भूपेन्द्र मिश्रा, मुकुल मेहता, लक्ष्मीनारायण बिरला, अभिषेक पटेल, पीयूष मुकाती, सुमित वर्मा, साक्षी नायवाल, पिन्की वर्मा, वैशाली गुप्ता, हर्षित गुप्ता, सुषमा राजपूत और नेहा जैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कंपनी के कार्य मल्टी मार्केटिंग के तथ्य को छुपाकर बेईमानीपूर्वक धनराशि प्राप्त की और उसे अपने उपयोग में ले लिया। आवेदक से तथ्यों को छुपाकर मंगल सिटी मॉल स्थित कंपनी (क्यूनेट) दस्तावेजो पर हस्ताक्षर करा लिए अब मामले में आगे जांच की जा रही हैं।

## बंधक भूखंड को बेचने वाले बिल्डर पर केस दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। सिमरोल इलाके में एक बिल्डर्स ने बंधक भूखंड को ही बेच डाला। मामले में अब पुलिस केस दर्जकर जांच कर रही हैं।**

सिमरोल पुलिस ने फरियादी लालसिंह पिता पिता दशरथसिंह जामले निवासी ब्रजनयनी कॉलोनी लिंबोदी की शिकायत पर आरोपी वात्सल्य बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा.लि.तर्फे प्रफुल्ल गाडगे पिता पुरूषोत्तम राव निवासी अग्रसेन चौराहा के खिलाफ मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामला एक मार्च 2018 का ग्राम दतोदा स्थित (कुल रकबा 10.231) भूमि का है। कार्यालय उप पंजीयक डॉ. अम्बेडकर नगर महू की ओर से प्रेषित जानकारी का मिलान बंधक डीड में उल्लेखित बंधक भूखंडों की सूची से करने पर पाया गया कि भूखंड धरोहर के रूप में बंधक रखे गए भूखंड को बिल्डर ने बेच दिया।

## बर्तन व्यापारी लूटकांड में पुलिस के हाथ लगे सुराग जल्द खुलासे का दावा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। गत दिनों एरोड्रम इलाके में बुजुर्ग बर्तन व्यापारी पर हमला कर साढ़े 9 लाख रुपए सहित स्कूटर लूट के मामले में पुलिस को लुटेरों के बारे में अहम सुराग हाथ लगे हैं। अफसरों ने दावा किया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।**

बताते है कि लूट की वारदात रेडियो ट्रेनिंग कॉलेज के सामने रोकड़िया हनुमान मंदिर परिसर के पास व्यापारी बाबूलाल गोयल (75) निवासी द्वारकाधीश कॉलोनी के साथ हुई थी। एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि बदमाशों ने रैकी के बाद वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बर्तन बाजार से घटनास्थल तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले है और कुछ संदेहियों को पकड़ा है। जांच अभी जारी है।

## डिफेंस की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चितावद इलाके के होस्टल में रहकर डिफेंस की तैयारी कर रहे उप्र के छात्र ने कल रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते है कि मृतक का नाम सोनू पिता छत्रपाल (22) मूल निवासी उप्र हाल निवास रिद्दी-सिद्दी होस्टल चितावद है। उसे आज सुबह उसके दोस्त फांसी लगा लेने के कारण अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सोनू कल किसी युवती को लेकर परेशान था और दोस्तों से इसका जिक्र भी किया था। पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना भेजी है। उधर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अब मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही हैं।

# इंदौर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स देश के मामले में निकले फिसड्डी

## ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार-प्रसार से लाखों कमा रहे

### युवाओं को सट्टा, जुआ और अपराध के रास्तों पर धकेला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** जब पूरा देश एकजुट होकर भारत के ब्लैकआउट अभियान में शामिल हुआ, तब इंदौर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने एक बार फिर अपने स्वार्थ की तस्वीर पेश की। लाखों फॉलोअर्स और व्यापक डिजिटल पहुंच रखने वाले इन लोगों ने समाज की बजाय अपने निजी फायदे को तरजीह दी।

देशभर में ब्लैकआउट अभियान का मकसद एकजुटता और देशहित में लोगों को जागरूक करना था, लेकिन इंदौर के इन इन्फ्लुएंसर्स के लिए न तो देश की भावनाएं मायने रखती हैं, न ही समाज की ज़िम्मेदारी। दिनभर ऑनलाइन सट्टा, फेक व्यूवर्स और गेमिंग लिंक्स के प्रचार में लगे ये चेहरे सिर्फ पैसे और पब्लिसिटी की होड़ में लगे रहते हैं। अक्सर ये लोग इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर 'पॉजिटिव कंटेंट' और 'सोशल अवेयरनेस' की बातें करते हैं, लेकिन जब सच में समाज के लिए कुछ करने का मौका आता है, तो ये गायब हो जाते हैं।

झांकी मंडपों में दिखने वाले ये चेहरे, जो सोशल मीडिया पर 'यूथ आइकन' बनने का दावा करते हैं, असल में सिर्फ अपने प्रमोशन और ब्रांड डील्स तक सीमित हैं। जब जरूरत थी कि ये लोग ब्लैकआउट जैसे राष्ट्रीय मुद्दे पर आवाज़ उठाते, तब इन्होंने मौन धारण कर लिया। अब समय आ गया है कि जनता ऐसे स्वार्थी और दिखावटी इन्फ्लुएंसर को पहचानकर उन्हें अनफॉलो करे। सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग समाज निर्माण के लिए होना चाहिए, न कि युवाओं को भटकाने और जुए-सट्टे की दलदल में धकेलने के लिए। समाज को ऐसे चेहरों की नहीं, जिम्मेदार और जागरूक डिजिटल लीडर्स की जरूरत है।

**अब फैसला जनता को करना है-** क्या आप ऐसे इन्फ्लुएंसर्स को फॉलो करके अपने बच्चों और समाज का भविष्य खतरे में डालना चाहते हैं? समय आ गया है कि सोशल मीडिया की सफाई की जाए, और ऐसे लोगों को उनकी असलियत दिखाई जाए।

## बेटरमेंट चार्ज मिलने की थी उम्मीद

## स्मार्ट सिटी एरिया पर खर्च कर डाले करोड़ों रुपये, हाथ नहीं लगा एक नया पैसा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** स्मार्ट सिटी ने शहरी क्षेत्र के विकास में करोड़ों रुपये इस उम्मीद से खर्च कर दिए कि बेटरमेंट चार्ज मिलेगा इसके लिए सड़के बनवाई और अन्य संसाधनों पर करोड़ों रुपये लगा देने के बाद आज तक एक नए पैसे की आवक बेटरमेंट चार्ज के रूप में नहीं हुई। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को केंद्र में जो एक हजार करोड़ रुपये दिए थे वे राजनैतिक महत्वकांक्षा के चक्कर में डूब गए। जिस स्मार्ट सिटी एरिया को सुधारा था तब ये उम्मीद की गई थी कि जब इस स्मार्ट सिटी क्षेत्र में नक्शे स्वीकृत होने का आवेदन आएगा तो बेटरमेंट चार्ज भी मिलेगा लेकिन यह चार्ज इतना अधिक है कि पुराने भवन को नया करवाने में आम आदमी पस्त हो रहा है । जितनी राशि निर्माण में खर्च होनी है इससे अधिक राशि तो बेटरमेंट चार्ज के रूप में नगर निगम में जमा करवाना पड़ रहा है तब जाकर नक्शा स्वीकृत हो रहा है इसके अलावा पार्किंग क्षेत्र को ना छोड़ने पर गाइड लाईन का 25 प्रतिशत राशि का भुगतान करना पड़ रहा है यही वज़ह है कि इस स्मार्ट सिटी क्षेत्र में भवन स्वामी नक्शा स्वीकृत करवाने का झंझट भी नहीं उठा रहे हैं। महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने एक बार इसे समाप्त करवाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा की लेकिन केंद्र का प्रोजेक्ट होने की वज़ह से जो चार्ज तय हो गया वही मान्य करना पड़ेगा उसमें किसी तरह का कोई संशोधन सम्भव नहीं है। स्मार्ट सिटी को दिया जाने वाला बेटरमेंट चार्ज नहीं दिया गया। जबकि इसपर स्मार्ट सिटी का अधिकार है।

*चार्ज लग रहा है जो कई गुना हो गया है वह देने में रहवासियों को पसीने आ रहे हैं। एक तो जगह भी सड़क चौड़ी हो गई पर मकान छोटा हो गया इस पर भारी भरकम टैक्स भी गले पड़ गया। पार्किंग देना भी अनिवार्य हो गया। ये दोहरी मार मुश्किल का सबब बन गई है।*

# ब्लैक आउट में कई स्ट्रीट लाइट रही चालू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल मार्क ड्रील के तहत शाम 7.30 बजे से 12 मिनट का ब्लेकआउट किया गया था। घर, दुकान और अन्य संस्थाओं की लाइटें बंद करने के साथ स्ट्रीट लाइट भी बंद होना थी, वाहनों को भी लाइट बंद करना थी। केवल इमरजेंसी वाहनों को



अनुमति लाइट चालू रखने की थी, जिसमें एम्बुलेंस भी शामिल थी। कई स्ट्रीट लाइट ऐसी थी, जो सीधे तारों से कनेक्टिंग थी वे स्ट्रीट लाइट चालू रही। सरकारी काम था इसलिए लोगों ने विरोध भी नहीं किया। कल यातायात और थाना की पुलिस ने हर चौराहा पर यातायात रोककर वाहनों की लाइटें बंद करवाई। चौराहा-चौराहा पर लोग भी रूक गए और जैसे ही कोई ने वाहन चालू किया लाइट जली तो शोर मचा और लाइट बंद कराई गई। कई संस्थानों के शाइन बोर्ड चालू मिले, कुछ स्कूलों के शाइन बोर्ड टाइमर से कनेक्ट थे और स्कूल जल्दी बंद हो गए थे वे शाइन बोर्ड भी चालू दिखे। औद्योगिक क्षेत्र सांवेर रोड पर ब्लेकआउट का असर नहीं के बराबर दिखा। वहीं इस तरह की स्थिति रिंग रोड, बायपास और आउटर के इलाकों में भी नजर आई। ब्लेकआउट का ज्यादा असर पश्चिम क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और छावनी क्षेत्र से लेकर पलासिया, विजय नगर, सुखलिया में भी दिखाई दिया। कुछ जगह को छोड़कर बाकी ज्यादातर जगह ब्लेकआउट हुए। कई रहवासी और दुकानदारों की शिकायत यह थी कि उन्हें सायरन सुनाई नहीं दिए। लोग अंधेरे में अपने मोबाइल का उपयोग करते रहे और वीडियो शूटिंग करते रहे। आम लोगों ने अपनी बालकनी में आकर या घरों की छतों पर पहुंचकर इस ब्लेकआउट के नजारे का लुत्फ भी लिया।



### लोगों को लगा बिजली विभाग बंद करेगा लाइट

कुछ लोगों को कल शाम 7.30 बजे लगा कि बिजली विभाग द्वारा पावर कट किया जाएगा। करीब 7.35 तक कुछ लोग इंतजार करते रहे, जब विभाग ने लाइट बंद नहीं की तो फिर लोगों को लगा कि लाइट स्वैच्छिक रूप से बंद करना है, जिसके बाद उन्होंने अपने घरों की लाइट बंद की।

### राजबाडा पर बना माहौल

इंदौर शहर का हृदय स्थल राजबाड़ा पर शहरवासी हर इवेंट का जश्न मनाते है, कल भी शहरवासियों ने बत्ती गुल होने के दौरान राजबाड़ा पर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि राजबाड़ा पर पहले पुलिस की गाड़ियों के सायरन बजे, जिसके बाद मंगलवार रात खरीदा गया सायरन बजाया गया।

### एलईडी जैसे-तैसे की बंद

इधर पुलिस निर्धारित समय अनुसार राजबाड़ा पर तैनात हो गई थी। राजबाड़ा पर बनी पुलिस चौकी के ऊपर एलईडी स्क्रीन लगी है, यह स्क्रीन बंद नहीं हुई तो एमजी रोड, टीआई और कृष्णपुरा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष विजेंद्रसिंह चौहान ने इसे बंद करने के लिए प्रयास किए। उन्होंने एक युवक को ऊपर की ओर चढ़ाया और पन्नी ठांककर उजाले को बंद किया, अंधेरा होने के कारण एलईडी स्क्रीन का उजाला ज्यादा दिख रहा था।



## बच्चों ने फहराया तिरंगा और भगवा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बालाजी स्काईज सोसायटी निपानिया में बड़ो के साथ बच्चों ने भी पाकिस्तान पर हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी का इजहार किया। बच्चों ने तिरंगा, भगवा लहराया और जश्न मनाया। विशाल दुबे, विक्की सोगानी, आयुष और संदीप मालवीय ने भी बच्चों के उत्साह को बढ़ाने में सहयोग किया।



## तिलक कर किया विजय खुशी का इजहार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राजवाड़ा पर सनातनी सेना ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर अभियान के सफल आयोजन पर और आतंकियों के ठीकाने पर एयर स्ट्राइक करने की खुशी में विजय खुशी का इजहार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सेना के जवानों के चित्र पर तिलक कर विजय खुशी का इजहार किया। जीतू कुशवाह, गणेश कुरील, जयदीप नामदेव, महेश चौहान, राम गुड़ेले, जिम चौहान, उदित जाट, नितेश जायसवाल, मुकेश सोलंकी, शुभम गौड़, कुलदीप बागड़ी, मोहित शर्मा, यश कुशवाह, शुभम कुशवाह, जितेन्द्र परंजिया सहित अन्य मौजूद थे।

## जातिय जनगणना में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवारों की गणना हो

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अभा शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद एवं म प्र स्वतंत्रता सेनानी उत्त संयुक्त संगठन ने भारत सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना को योग्य एवं उचित कदम बताते हुए सराहना की है परिषद की मीटिंग में यह तय हुआ कि यह कदम सामाजिक न्याय एवं विकास की दिशा में अत्यंत आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा जातिय जनगणना का प्रस्ताव पास हुआ है। देश को आजाद कराने में हमारे पूर्वजों का योगदान त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। भारत सरकार से मांग की गई है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद आश्रित परिवारों के लिए एक कालम अलग से बनाया जाना आवश्यक है जिसके माध्यम से देश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की संख्या मालूम हो सके स्वतंत्रता सेनानी परिवारों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि यह व्यवस्था लागू कर सेनानी परिवारों को गोरान्वित करें सीतलानी ने सभी शहीद एवं सेनानी परिजनों से अपील की है कि प्रधानमंत्री को संबंधित मांग पत्र पोस्टकार्ड के माध्यम से भेजें ताकि महापुरुषों से मिली आजादी के बाद उनके वंशजों की वर्तमान स्थिति का आकलन हो सके एवं उन्हें उचित सम्मान अधिकार तथा पहचान मिल सके। उक्त जानकारी अजय सीतलानी ने दी।

## कागजों की छलकपट ठीक हो या इच्छामृत्यु की स्वीकृति दो



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

रामगोपाल पिता बद्रीलाल निवासी केसरीपुरा सांवेर ने पुलिस आयुक्त कार्यालय अपने परिवार के साथ पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उनके साथ धोखाधड़ी कुटरचित और छलकपट के साथ कागजों में हेरफेर की गई है। रामगोपाल ने कहा कि रिश्तेदार रमेश के साथ ग्राम मांगलिया तहसील लसूड़िया में जमीन क्रय की थी उस जमीन का नामांतरण किया जाना था, लेकिन भूमि का स्वामित्व अंतरित नहीं किया गया और फर्जी कूटरचित कागजों के आधार पर कागजों में हेरफेर कर लिया गया, जो जमीन मैंने क्रय की थी उस पर फर्जी कागजातों के आधार पर कालोनी काटी जा रही है। यह सभी लोग मिलकर अब मुझे डरा धमका रहे हैं। कई लोगों ने मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मेरे साथ धोखाधड़ी की है उस मामले में जांच कर धोखेबाजों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए, अगर ऐसा नहीं होता है तो मुझे इच्छामृत्यु की स्वीकृति देवें। उक्त पूर्ण जानकारी रामगोपाल पिता बद्रीलाल निवासी केशरीपुरा सांवेर ने दी और कहा कि इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त कार्यालय में परिवार के साथ जाकर की गई है।



## सरपंच ने मुस्लिम समाजजनों के साथ बांटी मिठाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बांक पंचायत के सरपंच सोहराब पटेल ने मुस्लिम समाजजनों के साथ धार रोड पर खुशी का इजहार कर मक्का मस्जिद बांक के बाहर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आहत लोगों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा सेना के माध्यम से पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक कराई। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद मुस्लिम समाजजनों ने मिठाई का वितरण किया। इस दौरान सोहराब पटेल, इमाम अनीकउर रहमान, इस्हाक़ पटेल, दिलावर पटेल, अज़ीज़ पटेल मौजूद थे।

# मंदिर में लगे भारत माता के जयकारे

## आरती में आई राशि को पहुंचाएंगे प्रधानमंत्री सुरक्षा कोष में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

सार्वजनिक प्राचीन पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनी की पुजारी गुरु माता रमादीदी ने बताया कि मंदिर में रोजाना 7.30 बजे आरती होती है कल राष्ट्र चेतना और सुरक्षा एकता संकल्प को लेकर मॉक ड्रील बेकआउट के चलते मंदिर में आरती 7.30 बजे के बजाय 6.30 बजे की गई। आरती में जो राशि एकत्रित हुई वह राशि अब प्रधानमंत्री सुरक्षा कोष में जमा की जाएगी। कभी भी आरती का समय परवर्तित नहीं होता है लोकिन राष्ट्र हित में आरती का समय परिवर्तित किया गया और 7.30 बजे से लेकर 7.42 बजे तक मंदिर में पूरी तरह अंधेरा रखा गया। केवल अखंड ज्योत ही जलती रही। भारत माता के जयघोष के दौरान रमा बहन, धर्मेन्द्र चौधरी, गणेश चौधरी, निशा-रुपेश देवलिया, अजय चौधरी, परशुराम शर्मा, महेश द्विवेदी, सत्येन्द्र चौहान मौजूद थे।





## नेपाल कराते स्पर्धा के लिए एलेट टीम घोषित

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नेपाल कराते महासंघ के तत्वावधान में एवं विश्व कराते संघ के सानिध्य में 16 से 19 मई तक काठमांडू नेपाल में आयोजित होने वाली माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में रतलाम, भोपाल व इंदौर के 10 खिलाड़ी एलेट स्पोर्ट्र्स से देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में इंदौर से राजवीर सिंह जादौन, शुभ गांधी, रचित खोट, साक्षी लोधी शामिल है। रतलाम से आर्यन बाली, चयन भाटी, शौर्य चावड़ा, माही बाली शामिल है। भोपाल से अश्विन राठौर एवं माही धारू शामिल है।



## पदाधिकारियों का सम्मान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अभिभाषक मित्र मंडल द्वारा इंदौर अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकरिणी एवं पदाधिकारियों का स्वागत अभिनव कला समाज में आयोजित किया गया। एलएल यादव, कपिल बिरथरे, जितेन्द्र नीम, विजय व्यास, पुरुषोत्तम सोमानी और कार्यकारिणी का सम्मान एडवोकेट दिलीप राजपाल, अभयसिंह परमार, सुरेन्द्रसिंह गम्भीर शेरा ने किया। जय हार्डिया, अशोक जाधव, कमल गुप्ता, सुरेश चौहान भी मौजूद रहे।



## राजवाड़ा पर तैयारियां जोरों पर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश की सरकार 20 मई को राजवाड़ा परिसर में मौजूद रहेगी। यहां कैबिनेट बैठक होगी। इसे लेकर राजवाड़ा परिसर और अहिल्या उद्यान को चाकचौबंद किया जा रहा है। लगातार काम चल रहे हैं। अब निगम के उद्यान विभाग ने राजवाड़ा पर उद्यान कार्य को गति दी है।



## अवध संगठन की काव्य गोष्ठी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अवध समाज संगठन से जुड़े कवि, शायरों और गीतकारों ने काव्य गोष्ठी में अपनी भूमिका निभाई और रचनाएं प्रस्तुत की। अतिथि राहुल निहोरे एवं नरेन्द्र कुरील थे। चन्द्रशेखर रायकवार, एमएल पुरोहित, मीना श्रीवास्तव, ब्रजमोहन शर्मा, जानकीलाल पटेरिया, बाबूलाल जिनवाल, ललित शर्मा, अकबर शेख मौजूद थे।


## माहेश्वरी प्रीति क्लब का कल सुबह रक्तदान शिविर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी प्रीति क्लब के सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत कल 9 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन माहेश्वरी मांगलिक भवन नवलखा पर सुबह 7 से 11 बजे तक आयोजित होगा।

## ब्लाइंड एसोसिएशन ने किया सम्मेलन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ब्लाइंड एम्पाईज एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन व संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन अभिनव कला समाज भवन में आयोजित किया गया। चयनीत गायकों एवं दृष्टि बाधित 15 संस्थानों में कार्यरत सदस्यों का सम्मान किया। अध्यक्षता कर रहे दिनेश रणधर और अशोक गुप्ता ने लायंस क्लब के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान की। अनिल बामनिया, डॉ. भावना प्रधान, आराधना, रमेश सेनी, विनोद मेड़वाड़ मौजूद थे।






## 7 साल की मासूम ने भी दिखाई देशभक्ति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पहलगाम की आतंकी घटना के आक्रोश के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तब देश में गुस्से की बजाए खुशी का इजहार सामने आया और कई आतंकी ठीकानों पर कई लोगों को भारतीय सेना ने निशाने पर लिया। इस खुशी के इजहार में अग्रवाल समाज से जुड़े राजेश गर्ग की 7 वर्षीय मासूम पोती आराध्या गर्ग ने भारत के एयर स्ट्राइक पर अपने मन की बात को कलर के माध्यम से कागज पर अभिव्यक्त किया। मासूम ने लिखा कि 'आई लव इंडिया, गुड जॉब इंडिया' और इस मन के भाव को सोशल मीडिया पर भी प्रसिद्धि मिली है।

## नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विश्व हैंड हाइजीन दिवस के अवसर पर मेदांता अस्पताल में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके



पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को हाथों की स्वच्छता के महत्व और सही प्रोटोकाल के बारे में जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कैसे नियमित रूप से सही तरीके से हाथ धोने से संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉ. शिल्पी गुप्ता ने हैंड हाइजीन पर एक शैक्षणिक क्लास ली।



## इन्द्रेश कुमार ने दिया लेह लद्दाख के महत्व पर व्याख्यान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संघ प्रचारक और सिंधु दर्शन यात्रा समिति के संरक्षक इन्द्रेश कुमार कल इंदौर में थे और उन्होंने स्वामी प्रीतमदास सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में सिंधु दर्शन के महत्व पर व्याख्यान दिया। उल्लेखनीय है कि सिंधु दर्शन उत्सव 23 से 27 जून तक लेह लद्दाख में मनाया जाएगा। उसी की तैयारियां चल रही है और इन्द्रेश कुमार के व्याख्यान को भी सिंधी समाजजनों ने सुना।

## ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अभ्यास मंडल द्वारा हर वर्ष ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है। इसकी शुरूआत 10 मई की शाम 6.30 बजे से जाल सभागृह में होगी। पहले दिन दीप प्रज्ज्वलन और व्याख्यान के बाद 11 मई को अमृता आचार्य, 12 मई को अवनीश अवस्थी, 13 मई को डॉ. अनिल काकोड़कर, 14 मई को वेद प्रकाश मिश्रा, 15 मई को डॉ. संजीव पंथ जोशी, 16 मई को जगदीप एस छोकर के व्याख्यान होंगे। 17 मई को समापन होगा। पद्मश्री डॉ. रणवीरसिंह गुलेरिया भी अपनी भूमिका निभाएंगे।

## जीएमपी खाद्य और फार्मास्युटिकल उद्योग में सरकारी समर्थन की आवश्यकता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश, उद्योग भवन सभागृह में पीएचडी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, स्वास्थ्य समिति, नई दिल्ली के साथ गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (GMP) पर नेशनल कॉन्फ्रेंस Enhancing Pharmaceutical Quality Assurance through GMP सहित एक सत्र Revamped Pharmaceutical Techonology Upgradation Assistance एम्पस आयोजन फार्मास्यूटिकल्स विभाग, रसायन



और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य उच्चतम गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले औषधीय उत्पादों का लगातार उत्पादन और नियंत्रण सुनिश्चित करना है, जिससे विशेष रूप से एमएसएमई और क्षेत्रीय दवा इकाइयों के बीच बेहतर अनुपालन और क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिल सके। जीएमपी खाद्य और फार्मास्युटिकल उद्योग में सरकारी समर्थन की

## बोर्ड की द्वितीय परीक्षा के ऑनलाइन फार्म भरना शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा को लेकर एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कल 7 मई से फार्म भरे जाना शुरू हो गये है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत जानकारी वेब साइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।



# मदीने वाले को मेरा सलाम... हज पर रवाना हुए हाजी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तोड़ा में शकील खान के पुत्र माजिद खान और आमिर खान हज के मुकद्दस सफर के लिए रवाना होने के पहले उनके निवास स्थान पर इस्तकबाल का कार्यक्रम शुरू हुआ जो कि देर रात तक चलता रहा। इस सफर के लिए इनके साथ 4 लोग रवाना हुए। कल रात को हाजी मुंबई के लिए रवाना हुए और वहां से मक्का के लिए रवाना होंगे। हाजियों से आग्रह किया कि वे देश में अमन-शांति और सभी के लिए दुआएं भी करें। इस दौरान हाजी अकरम खान, हाजी सलीम खान (नेता), अकील खान, नफीस खान, अय्यूब खान, जमील खान, अंसार खान, रईस खान इदरिस खान, मोहसिन खान, फिरोज खान, वसीम खान मौजूद थे।

# हाजी हुए बस से मुंबई के लिए रवाना



## पहले हुआ इस्तकबाल का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** परवरदिगार की नगर मक्का के लिए जिन मुस्लिम समाजजनों की स्वीकृति मिली वे हज यात्री के रूप में अब मुंबई के लिए रवाना हो रहे हैं। कल भी जामिआ फामिता मदरसा सदर बाजार से बस मुंबई के लिए रवाना हुई, जिसमें हज पर जाने वाले यात्री रवाना हुए। उसके पहले इन सभी हज यात्रियों के लिए इस्तकबाल का आयोजन किया गया। शाहिद नूरी, वसीम नूरी, इक़बाल अब्बासी, रामस्वरूप मंत्री, इस्तियाक शेख शानू आदि मौजूद थे।

# मोहम्मद अकबर का इस्तकबाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुस्लिम समाज से जुडे समाजसेवी उद्योगपति मोहम्मद अकबर के अवतरण दिवस पर



इस्तकबाल का आयोजन किया गया। मंत्री समर्थक और संस्था सर्वधर्म के मंजूर बेग ने रियाज खान, सोहेल पठान सहित अन्य के साथ इस्तकबाल आयोजन किया।

# वनवासी ट्रस्ट सेवा प्रकल्प शुरू होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट के सेवा प्रकल्पों की शुरुआत 10 मई की शाम 6 बजे महालक्ष्मी मंदिर उषानगर में होगी। सुन्दरकांड पाठ भी किया जाएगा, नौका विहार दर्शन भी होंगे। प्रकाश अजमेरा, अनिल कांकाणी, रेखा कांकाणी ने उक्त जानकारी दी।



# सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री महाराष्ट्र मंडल रामबाग एवं श्री गणेश मंडळ जेल रोड के सहयोग से सामूहिक 27 बटुकों का उपनयन संस्कार हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उपनयन विधि संपन्न करवाई। इन्दौर के अलावा बाहर से भी बटुकों ने शिरकत की। पं. किशोर शेंदूरनिकर, पं. रोहित चौधरी एवं अन्य संत गणों के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। राजनेता भी शामिल हुए। शंतनु किबे, अन्वय कोटसस्थाने, अमित कर्पे, मिलिंद देशपांडे, अभय लक्कड़, दीपक घोडगावकर, उल्लास वानखेडे, प्रतीक कुलकर्णी, राहुल खण्डेलवाल, कुणाल पांचपोर मौजूद थे।



# ऐरोबिक्स क्लब का वार्षिकोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एरोबिक्स क्लब मेघदूत के वार्षिकोत्सव में ऐरोबिक्स थैरेपी सिखा रहे जितेंद्र मेश्राम ने लगातार अपना प्रशिक्षण कार्य सेवा के रूप में जारी रखा। अतिथि प्रताप करा-सिया, महेश तोमर, प्रमोद जैन थे। बड़ी उम्र की महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने प्रस्तुतियां दी, हास्य नाट्य का मंचन किया गया। जितेंद्र मेश्राम, राजिंदरसिंह भाटिया, आशा कोष्ठा, माया मेश्राम, नंदना पाल, प्रशांत इंदूरकर, इंदूसिंह, प्रेमलता पोरवाल, मंजूला पालीवाल, अंजलि बर्मन, रचना गोयल, प्रिया भोयार, उज्जवल शेंडे, बबलू पाल, हेमलता वर्मा, रश्मि जादौन, उत्तरा को-टियाल, कविता पाठक, रमा दिलावरे, रिया सिंह, सोनी धूमाल, सुभाष पानतावने, पंडरी नायक, सुनील यादव, शेखर गुर्जर सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई। हास्य प्रस्तुतियां हुई तो उस पर जमकर ठहाके लगे।





# मठ में हुआ एयर स्ट्राइक पर सर्वविजय महायज्ञ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना द्वारा बुधवार को शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवादियों के समूल नाश की कामना से एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर सर्वविजय महायज्ञ का आयोजन किया गया। पवनदास महाराज ने उक्त जानकारी दी।



# सड़क पर गिट्टी में नहीं चला रोड रोलर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निपानिया में राम मंदिर के पास की सड़कें दो महीने से जर्जर हैं। सड़क पर गिट्टी भरी गई है, लेकिन रोड रोलर नहीं चलाया गया। बारिश के पानी के जमा होने से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग कि है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की जाए और इसे सुरक्षित बनाया जाए। लगातार बारिश हो रही है, और ऐसी स्थिति में कभी भी दुर्घटना घट सकती है, इसलिए सीमेंट कांक्रीट या डामरीकरण करने की मांग बालाजी स्काइज नि-पानिया के अजय बियाणी ने की है।

# वार्षिक महोत्सव में छात्रों ने किया रैंप वॉक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, आईपीएस अकादमी द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'फैशोमेनिया' का



आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, उत्साह और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले दिन फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसकी मुख्य थीम 'एंजेल-डेविल' रही। बी.डिजाइन प्रथम वर्ष के छात्रों ने खुद के डिजाइन किए गए परिधानों के साथ एंजेल और डेविल थीम को प्रस्तुत किया। एंजेल लुक में सफेद ड्रेस, मोतियों के आभूषण और सौम्य मेकअप ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि डेविल लुक में बोल्ड ब्लैक और मैरून परिधानों ने मंच पर गहराई और प्रभाव डाला। छात्रों की उम्दा कोरियोग्राफी और आत्मविश्वास ने पूरे रैंप वॉक को यादगार बना दिया।



# दो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था द्वारा दो असहाय वृद्धजनों का अंतिम संस्कार किया गया। एमवाय हास्पिटल पुलिस चौकी से संस्था को जानकारी मिली थी और दोनों के पोस्टमार्टम के बाद जूनी इन्दौर मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। सुनील ठाकुर, हर्षल चौहान, विवेक पीपले, प्रदीप गुर्जर, सनी जैसवाल, कृष्णा सोनी एवं रामगोपाल की भूमिका प्रमुख रही।

# रेलकर्मियों की भूल और गलती की संभावना को खत्म कर रहा रेलवे का नया इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**रतलाम मंडल के 70 से ज्यादा स्टेशन सीधे जुड़ रहे इस नवीन ईआई तकनीक से**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल सुरक्षा एवं संरक्षा को लेकर अब पूरी तरह से सतर्क हो रहा है। साथ ही इससे संबंधित उपायों को लगातार लागू करने और यात्रियों को नयी-नयी सुविधाएं प्रदान करने के लिए मंडल अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बड़ी बात यह है कि रेलवे की संरक्षा की बात करें तो ट्रेनों के संरक्षित परिचालन में इंटरलॉकिंग सिस्टम सबसे बड़ी और अहम भूमिका निभाता है। ई.आई. आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त सिस्टम एक अत्याधुनिक प्रणाली है जो ट्रेन के आवाजाही पर सटीक नियंत्रण सुनिश्चित कर रहा है और साथ ही यह मानवीय भूल यानी किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना को भी अब पूरी तरह से समाप्त कर रहा है।

## तीन तरह के इंटर लॉकिंग आरआरआई रूट रिले कर रहें काम

वहीं खास बात यह है कि रेलवे में ट्रेनों की सुरक्षा और संरक्षा में भारतीय रेलवे पर तीन तरह के इंटरलॉकिंग आरआरआई(रूट रिले इंटरलॉकिंग), पीआई(पैनल इंटरलॉकिंग) एवं तीसरा ई.आई.(इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) कार्य कर रहें है। वहीं वर्तमान में भारतीय रेलवे पर ई.आई. का प्रचलन ज्यादा है जो कि बेहद ही आधुनिक सुविधाओं और नवीन तकनीक से युक्त है।

## इलैक्ट्रिक सिगनल प्रणाली को कंप्यूटर तकनीक से कर रहा अपडेट

रतलाम मंडल के जन संपर्क अधिकारी खेमराज मीणा बताते है कि रतलाम मंडल संरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए सभी विद्युत सिगनलिंग प्रतिष्ठानों को नए कंप्यूटर आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से बदल रहा है। मंडल पर वर्तमान में 103 इंटरलॉक्ड रेलवे स्टेशन हैं जिसमें 70 स्टेशनों पर ई.आई. प्रणाली कार्यशील है। मंडल रेल प्रबंधक रजनीश कुमार के कुशल



मार्गदर्शन एवं सिगनल, परिचालन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के आपसी समन्वय के कारण इस क्षेत्र में काफी तेजी से कार्य हो रहा है और इसी का प्रतिफल है कि पिछले दो सालों में 25 से अधिक स्टेशनों पर आरआरआई पीआई के स्थान पर आधुनिक ई.आई. प्रणाली लगाया जा चुका है। वहीं पिछले कुछ समय पूर्व ही मुम्बई-दिल्ली मुख्य रेल मार्ग जो भारत के व्यस्ततम रेल मार्गों में से एक है के मध्य में स्थित रतलाम स्टेशन पर भी ई.आई. कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए मंडल के शेष स्टेशन भी निकट भविष्य में एडवांस इलेक्ट्रॉनिक इंटर लॉकिंग(ईआई) प्रणाली से युक्त हो जाएंगे।

## रेलवे क्रासिंग और फाटक को कंप्यूटर आधारित सिस्टम से करता है अपडेट

ई.आई.सिगनल, पॉइंट और लेवल-क्रॉसिंग गेटों को नियंत्रित करने के लिए कंप्यूटर आधारित सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करता है। पारंपरिक रूट रिले इंटरलॉकिंग या पैनल इंटर लॉकिंग सिस्टम में जहां असंख्य तारों और रिले का उपयोग किया जाता है, जबकि ई.आई.प्रणाली में लॉजिक का प्रबंधन करने के लिए सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उपयोग किया जाता है। यह यार्ड में सिगनलिंग गियर से प्राप्त इनपुट को पढ़ता है तक सेफ और ऑपरेशनल कंसोल (वीडीयू-विजुअलडिस्प्ले यूनिट) से प्राप्त आदेशों को फेल-सेफ तरीके से संपादित करता है।

## नई तकनीक से रेलवे को हो रहा बड़ा फायदा

वहीं खास बात यह है कि इस तकनीक से रेलवे को कई लाभ हो रहे है। जिसका संरक्षा पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है और साथ ही ट्रेनों की गति बढ़ाने में भी मदद मिल रही है। इससे स्टेशनों मास्टरों की कार्य प्रणाली में सुधार हुआ है, क्योंकि सारा सिस्टम कम्प्यूटर की स्क्रीन पर समाहित हो जाता है जिससे इसे संचालित करना काफी सरल होता है, साथ ही पारंपरिक पैनल के बटनों विफलता की संभाना को कम करता है। यह प्रणाली परस्पर विरोधी मार्गों, गलत सिगनल या मानवीय चूक के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करती है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंगको आज के समय के सबसे प्रासंगिक कवच तकनीक के साथ-साथ सेंट्रलाइज्डट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम (सीटीसी) के साथ भी जोड़ा जा रहा है। यह कुशल कामकाज में भी सक्षम है जिससे परिचालन का समय कम हो गया है।

# गाड़ी अड्डा ब्रिज या खड्डा ब्रिज

## पीडब्ल्यूडी के बनाए ओवर ब्रिज पर आधा दर्जन से ज्यादा गड्ढों की भरमार







इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)द्वारा लगभग 10 साल पहले बनाए गए गाड़ी अड्डा ब्रिज की हालत इन दिनों इतनी खराब है कि ब्रिज पर कई जगह आधा दर्जन से ज्यादा खतरनाक गड्ढों की भरमार हो गई है। जिसके कारण यहां से वाहन चालकों को रोज निकलने में भारी परेशानी हो रही है। हालत यह है कि ब्रिज पर जगह - जगह आधा दर्जन से ज्यादा खतरनाक गड्ढे हो गए। जिनमें से सरिए भी दिखने लगे हैं। जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कत और परेशानी भी हो रही है। उसके बावजूद जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहे है। यही नहीं इससे किसी भी दिन कोई गंभीर हादसा या बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यही नहीं कई जगह तो ब्रिज की इतनी ज्यादा हालत खराब है कि सरिए के कारण लोगों की गाड़ियों को भी नुकसान हो रहा हैं।

## पीडब्ल्यूडी के बनाए तीन इमली और अन्य ब्रिज पर भी यही हाल

यही नहीं खास बात यह है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए तीन इमली ब्रिज और बाणगंगा ब्रिज सहित अन्य ब्रिज के भी यही हाल है। जिसके कारण यहां दूसरे ब्रिज पर भी जगह-जगह गड्ढे की शिकायत हो चुकी है। तीन इमली ब्रिज पर छह माह बाद भी गड्ढे का अभी तक सुधार पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अफ़सर नहीं कर पाए। जबकि अब लोगों का कहना है कि गाड़ी अड्डा ब्रिज पर लम्बे समय से ऐसे हालात है। यहां आधा दर्जन से ज्यादा गड्ढों की भरमार है। जो यहां से निकलने वालों को भारी दिक्कतें हो रही है। कई जगह तो गड्ढे में से सरिए भी दिखने लगे है।

# पंचशीलनगर से आदिवासी कालोनी तक 20 फीट चौड़ी सड़क की तैयारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा पांच के वार्ड 54 में स्थित पंचशील नगर मैनरोड़ से आदिवासी कालोनी तक लंबे समय के बाद करीब 20 फीट से ज्यादा चौड़ी सड़क निर्माण की तैयारी अब तेजी के साथ शुरू हो गई है। इसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने निगम अधिकारियों, रहवासियों और क्षेत्र के व्यापारियों के साथ मार्ग का दौरा किया गया। जहां पार्षद ने लोगों से चर्चा में कहा सड़क चौड़ीकरण होना है। इस दौरान यह बात सामने आ रही कि सड़क चौड़ीकरण के लिए जो बाधक निर्माण हटाए जाने है इसको लेकर भी पार्षद बसवाल ने रहवासियों के साथ चर्चा की। खास बात यह है कि पार्षद से बातचीत और आपसी समझाईश के बाद रहवासी अपने घर और दुकान के बाहर के बाधक ओटले और अन्य निर्माण हटाने को तैयार हैं।



**अभी कहीं 13 फीट तो कहीं 10 फीट है सड़क की चौड़ाई:आपसी सहमति से हटेंगे ओटले-** जबकि अभी मूसाखेड़ी मैनरोड़ से जुड़ी यह मुख्य सड़क कहीं 13 फीट चौड़ी है, तो कहीं महज 10 फीट चौड़ी है। वहीं अब 20 फीट चौड़ी सड़क निर्माण के लिए यहां दोनों तरफ लोगों के घरों और दुकानों के बाहर ओटले और बाधक निर्माण हटाने की भी तैयारी है। जिसके लिए भी पार्षद से चर्चा के बाद लोग इसको लेकर खुद तैयार है। मैनरोड़ के रहवासियों का कहना है सड़क चौड़ी होगी तो सभी को फायदा होगा। साथ ही क्षेत्र की दर्जनभर से ज्यादा गलियां भी अब सीधे मूसाखेड़ी मैनरोड़ तक एक जैसी चौड़ी हो जाएगी। जिसको लेकर अब तैयारियां तेज हो गई है। इधर पार्षद बसवाल ने बताया कि हमारा प्रयास है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश का सीजन शुरू होने से पहले इस क्षेत्र के रहवासियों को लंबी-चौड़ी एक जैसी नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिल जाए। जिसको लेकर निगम अधिकारियों और रहवासियों के साथ चर्चा कर यहां दौरा किया गया। साथ ही बाधक ओटले हटाने पर आपसी सहमति बनाई गई।

# आईडीए की ब्रिज के नीचे लायब्रेरी और स्पोर्ट्स जोन बनाने की प्लानिंग फेल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा पिछले साल इंदौर शहर में खजराना, फूटी कोठी, भंवरकुआं सहित अन्य जगह तैयार करोड़ो की लागत के नवीन फ्लाई ओवर के नीचे के हिस्से में जन उपयोग के लिए लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स जोन बनाने की प्लानिंग फेल होती नजर आ रही है। हालत यह है कि नए ब्रिज बनकर शुरू हुए करीब सालभर होने को है। लेकिन अभी तक आईएडीए अफसर अपनी घोषणा और प्लानिंग के बाद भी शहर के एक भी तैयार फ्लाई ओवर के नीचे आमजन के उपयोग के लिए स्पोर्ट्स जोन, बच्चों के मनोरंजन के लिए बगीचे या पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए लायब्रेरी की सौगात नहीं दे पाए।

**पिछले साल ब्रिज निर्माण के बाद नीचे की जगह के जनउपयोग के लिए की थी आईडीए ने घोषणा-** जबकि पिछले साल ब्रिज बनकर तैयार होने के बाद आइएडीए अफसरों की प्लानिंग थी कि शहर में तैयार सभी ब्रिजो के नीचे पिपलियाहाना फ्लाई ओवर के जैसे जहां जिस की जरूरत है क्षेत्र की जनता की मांग के हिसाब से लायब्रेरी, स्पोर्ट्स जोन इत्यादि का निर्माण किया जाना था। लेकिन अब हालत यह है कि अभी तक दस माह से भी ज्यादा समय बाद भी एक भी जगह आईडीए अफसर कोई काम शुरू नहीं करवा पाए। यही नहीं इधर नए ब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह पर क्षेत्र के लोग यहां अपनी गाडियां पार्क कर पार्किंग के उपयोग में ले रहें है। जबकि आमजन की सुविधा के हिसाब से उपयोग की योजना बनने के बाद अब फेल होती नजर आ रही है।

## संपादकीय

# निर्णायक! रणनीतिक क्षमता का कुशल प्रदर्शन

कुछ दिन पहले तक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी कर भारतीय सेना को ललकार और अपनी परमाणु ताकत का धौंस दे रही थी, अब उसे समझ नहीं आ रहा कि कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले करके भारतीय सेना ने न केवल पहलगाम हमले का कड़ा जवाब दिया, बल्कि दुनिया के सामने अपनी रणनीतिक क्षमता का कुशल प्रदर्शन भी कर दिया है। इस हमले के बाद भारत सरकार को कूटनीतिक कामयाबी भी मिलती दिखने लगी है। इस अभियान की रणनीति तीनों सेनाओं ने मिल कर बनाई थी। हालांकि पाकिस्तान शुरू से शोर मचा रहा था कि भारत कभी भी उस पर हमला कर सकता है और इसके मद्देनजर उसने अपनी सामरिक तैयारियां तेज कर दी थी। मगर भारतीय सेना ने इतनी कुशलता से हवाई हमले किए और इतने सटीक निशाने साधे कि उसे समझने का मौका भी नहीं मिल पाया। यह सेना और सरकार की बड़ी सूझबूझ है कि पाकिस्तान के किसी नागरिक, सैन्य और आर्थिक ठिकाने पर निशाना लगाने के बजाय सिर्फ आतंकी ठिकानों को लक्ष्य कर ध्वस्त किया गया। इस तरह दुनिया में किसी को इसके विरोध में कुछ कहने का मौका नहीं रह गया है। चीन तक समझ नहीं पा रहा कि भारत के इस कदम को कैसे गलत ठहराया जाए। हमले के तुरंत बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों के अपने समकक्षों को फोन कर हमले की जानकारी दी। इस तरह पाकिस्तान की कूटनीतिक घेराबंदी भी कर दी गई है। आपरेशन सिंदूर के तहत मुख्य रूप से पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों तथा आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर हमले किए गए। उसके प्रमाण भी दुनिया के सामने पेश किए जा चुके हैं। माना जा रहा है कि इस हमले में इन आतंकी संगठनों से जुड़े काफी लोगों की जान गई है। भारतीय सेना ने वहां के जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उनमें से चार पाक अधिकृत कश्मीर में और बाकी उसके पंजाब प्रांत में स्थित थे। शायद पाकिस्तानी सेना को अंदाजा नहीं था कि भारतीय सेना पंजाब प्रांत के भीतर भी हमला कर सकती है। उसने इस हमले की प्रतिक्रिया में भारत की सीमा पर कुछ नागरिक ठिकानों पर हमले किए हैं, पर उससे उसकी बौखलाहट ही जाहिर होती है। वह कुछ दिन पहले तक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी कर भारतीय सेना को ललकार और अपनी परमाणु ताकत का धौंस दे रही थी, अब उसे समझ नहीं आ रहा कि कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। दरअसल, उसे लग रहा था कि चीन का समर्थन मिलेगा और भारत उसके भय से दब जाएगा। मगर अब आतंकवाद के खिलाफ हमले पर चीन कैसे पाकिस्तान का समर्थन करेगा, देखने की बात होगी। इस हमले के बाद उचित ही भारतीय सेना की देश भर में सराहना हो रही है। विपक्षी दलों ने भी एक बार फिर सरकार के साथ अपनी एकजुटता जताई और सेना के कौशल की तारीफ की है। हालांकि अमेरिका जैसे कुछ देशों ने कहा है कि यह तनाव जितना जल्दी खत्म हो, उतना ठीक होगा। पर भारतीय जनभावना है कि पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ उठाया गया यह कदम निर्णायक होना चाहिए। सरकार भी इस भावना को गंभीरता से समझती है। इसलिए जिस तरह उसने सेनाध्यक्षों को निर्णय लेने की खुली छूट दी और सेना ने सूझबूझ से रणनीति तैयार की, उससे जाहिर है कि वह सधे कदम बढ़ाते हुए आतंकवाद को संरक्षण देने वालों को गहरे घाव देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दादी ने चिड़िया छोड़ने को कहा तो पीटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चंदननगर पुलिस ने बताया कि राजकुमार नगर बांक में रहने वाली गुलशन बी गनी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पोते जफर ने एक चिड़िया पकड़ ली थी तो उसने चिड़िया छोड़ने को कहा तो जफर गालीगलौच करने लगा, तभी जफर की पत्नी मोना व जफर की मां मेमुना व फरियादी का बेटा आजम भी आ गए और विवाद कर गालीगलौच करने लगे, जब सभी को गाली देने से मना किया तो चारों ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## चश्मा निकालकर आंख पर कड़ा मारा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विजयनगर पुलिस ने बताया कि जनता क्वार्टर नंदानगर में रहने वाले अनुज पिता सुरेंद्र मकवाना ने शिकायत दर्ज कराई कि प्रेरणा और आकांक्षा की स्कूटी को अज्ञात स्कूटी चालक ने कट मारकर कीचड़ उड़ाते हुए निकला तो मैंने उसे रोका और पूछा कि तूने प्रेरणा व आकांक्षा को कट क्यों मारा तो वह गाली देने लगा, जब उसे गाली देने से मना किया तो स्कूटी चालक ने मेरा चश्मा उतारा और आंख पर हाथ में पहना कड़ा मार दिया जिससे उसकी आंख से खून निकलने लगा। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## ब्याज के रुपयों को लेकर दी धमकी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** देपालपुर पुलिस ने बताया कि धाकड़सेरी में रहने वाले मनोज पिता रामकिशन ने शिकायत दर्ज कराई कि रवि चौहान ने उधार रुपयों के ब्याज को लेकर विवाद किया और गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी रवि के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## बरसात के पानी को लेकर सरिया मारकर किया लहूलुहान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** हातोद पुलिस ने बताया कि ग्राम बसान्द्रा में रहने वाले रुपसिंह बलाई ने शिकायत दर्ज कराई कि बरसात का पानी निकालने की बात को लेकर हिम्मतसिंह ने विवाद करते हुए गालीगलौच की व लोहे का सरिया उसके मुंह मार दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# लोडिंग की टक्कर से दंपति घायल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** लसूड़िया पुलिस ने बताया कि विनय गोखे ने शिकायत दर्ज कराई कि वह स्कूटी से पंचवटी के पास से जा रहे थे तभी लोडिंग वाहन एमपी 09 एलआर 6893 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे विनय व उनकी पत्नी वाहन से गिर गए, जिससे दोनों घायल हो गए। इसी प्रकार तुकोगंज पुलिस ने बताया कि कल्पना बरुआ (64) ने शिकायत दर्ज कराई कि वह भंडारी मार्ग से जा रही थी तभी ऑटो रिक्शा एमपी 09 आरए 4213 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई। वहीं चंदननगर पुलिस ने बताया कि राजनगर में रहने वाली कमला बाई ने शिकायत दर्ज कराई कि वह चंदूवाला रोड़ से जा रही थी तभी कार एमपी 09 झेडके 8814 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह नीचे गिर गई तो कार चालक ने पैर पर गाड़ी चढ़ाते हुए निकल गया जिससे वह चोटिल हो गई। वहीं देपालपुर पुलिस ने बताया कि बिरगोदा में रहने वाली अमृतबाई ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके पति सत्यनारायण (63) मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी कार एमपी 11 सीसी 2689 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए।

## बस-ऑटो की टक्कर से कारें क्षतिग्रस्त

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि हरिप्रसाद योगी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह कार से आईटी पार्क चौराहा से जा रहा था तभी ऑटो रिक्शा एमपी 09 आर 8747 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं गोकुलसिंह बेनल ने शिकायत दर्ज कराई कि वह कार से नवलखा चौराहे से जा रहा था तभी बस एमपी 13 पी 1238 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कार में टूटफूट हुई। पुलिस ने दोनों मामलों में बस व ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## पुराने विवाद में जमकर चले लात-घूंसे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** भंवरकुआं क्षेत्र के मीरा गार्डन में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और देखते ही देखते मारपीट व लात-घूंसे चले।

भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि भोलाराम मार्ग पर रहने वाले आर्जव जैन ने शिकायत दर्ज कराई कि वह मीरा गार्डन एबी रोड से जा रहा था तभी कृष्णा सोनकर व उसका एक अन्य साथी मिले और पुराने विवाद को लेकर नया विवाद करते हुए गालीगलौच करने लगे, जब उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, बीचबचाव करने फरियादी आर्जव का दोस्त आया तो उसकी भी पिटाई कर दी। पिटाई में आर्जव व उसका दोस्त घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से कृष्णा सोनकर ने शिकायत दर्ज कराई कि शौर्य पिता राजीवसिंह भदौरिया, आगम जैन, आर्जव जैन व सक्षम जैन ने पुराने झगड़े की बात को लेकर नया विवाद किया और मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने धमकी दी कि आइंदा भोलाराम मार्ग पर दिखा तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया।

## पानी ढुला तो जेठानी ने कर दी पिटाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चंदननगर पुलिस ने बताया कि ई-सेक्टर में रहने वाली गायत्री भादेकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चढ़ाव पर से थोड़ा पानी ढुल गया तो जेठानी सोनाली बोली कि तूने पानी ढोल दिया और गालीगलौच करने लगी, जब उन्हें गाली देने से मना किया तो वह बोली की आज ही ऊपर वाली मंजिल पर रहने जा नहीं तो यहां से मकान खाली कर दे, जब जेठानी को गाली देने से मना किया तो सोनाली ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर जेठानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## अवैध शराब के साथ पकड़ाया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** कनाड़िया पुलिस ने बिचौली मर्दाना में रहने वाले अनमोल पिता पप्पू मालवीय को अवैध शराब बेचते गिरफ्तार किया। अनमोल के पास से पुलिस ने 69 क्वार्टर जब्त किए, जिसकी कीमत करीबन 4810 रु. बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## मूंगफली तेल तेज

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)। छावनी नीलामी मंडी में भाव इस प्रकार रहे - छावनी व्यापारिक मंडी (प्रति क्विंटल) -** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए। **तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए। **दाल भाव (प्रति क्विंटल) -** तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए। **तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए। **मावा -** 320 रुपए किलो। **इंदौर सराफा बाजार - सोना** 10 ग्राम 89800 रुपए। **चांदी** 100000 रुपए किलो। **चांदी सिक्का** 1100 रुपये प्रति नग। **सोना** 3025 डॉलर प्रति औंस **चांदी** 3343 सेंट प्रति औंस।

# मजाक में गाली देना महंगा पड़ा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि माचल में रहने वाले अजय पिता कैलाशनाथ ने शिकायत दर्ज कराई कि वह नाथ मोहल्ला अहीरखेड़ी अपनी बहन के घर गया था और वहां से दोस्त साहिल को फोन लगाया और मजाक में गाली देकर बोला की घोड़ी लगाने जाना है तो साहिल ने बोला कि तू मेरे घर तरफ आजा तो मैं साहिल को लेकर मेरी बहन के घर आया तभी मनीष व संदीप आए और बोले कि तूने साहिल के मोबाइल पर हमको गाली दी तो फरियादी बोला कि मैंने तुमको नहीं दी हम दोनों दोस्त मजाक कर रहे थे, इसी बात को लेकर संदीप व मनीष ने उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर संदीप व मनीष निवासी नाथ मोहल्ला अहीरखेड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## पुराने प्रापर्टी विवाद में पत्थर मारे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एरोड्रम पुलिस ने बताया कि व्यंकटेश विहार कालोनी छोटा बांगड़दा में रहने वाली सुरभि दुबे ने शिकायत दर्ज कराई कि लाइट नहीं होने से परिवार वाले घर के बाहर बैठे थे, तभी पड़ोस में रहने वाला बृजेश उर्फ रोहित मौर्य व उसकी पत्नी केसर मौर्य आए और पुराने प्रापर्टी विवाद को लेकर नया विवाद करते हुए गालीगलौच करने लगे, जब फरियादी के पति शिव दुबे ने उन्हें गाली देने से मना किया तो बृजेश व उसकी पत्नी केसर ने पत्थर मारना शुरू कर दिए जो फरियादी के ससुर प्रेमनारायण दुबे को लगा जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दंपति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# 95 लाख में बनेगा आंतरिक मार्ग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



इंदौर जनपद के गांव कंपेल में लोकनिर्माण विभाग पंचायत भवन से केनरा बैंक तक पांच सौ मीटर लंबा आंतरिक मार्ग 95 लाख की लागत से बनाएगा, जिसकी मंजूरी दी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि आंतरिक मार्ग खराब होने से ग्रामीणों के साथ दूसरे गांव के राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आंतरिक मार्ग पर बाजार लगने से खतरनाक जाम भी लगता रहता था। ग्रामीणों के अनुसार कंपेल पुलिस भी ट्राफिक व्यवस्था नहीं संभालती थी। जिस दिन जाम लगता था उस दिन चौकी का एक भी जवान इंतजाम में नहीं दिखता था। सब इंजीनियर पंडित राकेश चौबे ने बताया कि सड़क की लंबाई 500 मीटर चौड़ाई 21 फीट होगी। 95लाख की लागत से यह काम होगा जो सीमेंट कंक्रीट से बनाई जाएगी। अभी तो खराब सड़क के कारण लोग परेशान है और सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है, कब सड़क निर्माण होगा और कब सड़क की खराबी से मुक्ति मिलेगी यह चर्चा भी की जा रही है।

# आरूष, आरिज, वैदेही, ऋषिना सेमीफइनल में पहुंचे



**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इंडिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए एकल क्वाटरफाइनल मैच में मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग से आरूष जैन, मोहम्मद आरिज खान ने तथा बालिका वर्ग से वैदेही शुक्ला, ऋषिना त्रिपाठी ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

बालक वर्ग-16 वर्ष आयु के एकल क्वाटरफाइनल में आरूष जैन (म.प्र.) ने अथर्व पालोद (म.प्र.) 6-2, 6-4 से, मो. आरिज खान (म.प्र.) ने शिवांश अग्रवाल (म.प्र.) 6-2, 7-6 से, अमान खान (म.प्र.) ने रंश गोटावाला (गुज.) 6-2, 6-0 से, पृथ्वी सिंह चौहान (गुज.) ने अर्जन अरोरा (म.प्र) 6-3, 6-1 से हराया। वहीं बालिका वर्ग-16 वर्ष आयु के एकल क्वाटरफाइनल में वैदेही शुक्ला (म.प्र.) ने खुशवी पड़ीयार (राज.) 6-4, 6-3 से, ऋषिना त्रिपाठी (म.प्र.) ने दृष्टिराज झाला (राज.) 6-0, 6-0 से, पलक मालवीय (म.प्र.) ने मनुस्मृति सिंह (म.प्र.) 6-2, 6-3 से, असमी रघुवंशी (राज.) ने अहाना फलजले (म.प्र.) 6-2, 6-1 से हराया।

बालक वर्ग-16 वर्ष आयु के युगल क्वाटरफाइनल में तनय जैन-हृदीयांष उपाध्याय विवि विहान पोंगड़े-कृष्णा रानी 4-6, 6-1, 10-6 से, माधव शाह-रंश गोटावाला ने रूद्राक्ष बजाज-रूहान तलरेजा 6-3, 6-2 से, त्रिषिर धवन-सुविग्या चौधरी ने अर्जन डारोरा-युग जैन 4-6, 6-0, 10-7 से मात दी।

बालिका वर्ग-16 वर्ष आयु के युगल क्वाटरफाइनल में ऋषिना त्रिपाठी-पलक मालवीय ने रेयवा मलिक-श्रन्या जोषी 6-0, 6-0 से तथा असमी रघुवंशी-मनुस्मृति सिंह ने सोानिया दत्ता-अहाना फलजले 6-4, 6-1 से हराया।

# टेबल टेनिस राज्य विजेता खिलाड़ियों का सम्मान



**इंदौर।** जिला टेबल टेनिस संगठन द्वारा इंदौर के गत वर्ष के मध्य प्रदेश के राज्य विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

अभय प्रशाल में आयोजित एक सादे समारोह में बालक वर्ग में पंकज विश्वकर्मा-पुरुष, अनुज सोनी अंडर-19, मृदुल जोशी अंडर-17 एवं अंडर-15, वंश चौहान अंडर-13, साकार भार्गव अंडर-11, वहीं महिला वर्ग में पूजा शर्मा-महिला, भव्या राव अंडर-15, जाकिया सुल्तान अंडर-13, आरवी जैन अंडर-11 आयु वर्गों में राज्य विजेता होने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। जिला टेबल टेनिस संगठन द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद इनामी राशि व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश ओलिपिंक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, नरेंद्र कौशिक, रिंकु आचार्य, आलोक खरे, जिला सचिव नीलेश वेद, गौरव पटेल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिरीष भागवत ने किया व आभार नरेंद्र शर्मा ने माना।

# भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने किया क्वालीफाई, खेलेगी एशिया कप में



**इंदौर।** भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने 23 से 29 अप्रैल तक बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित चौथे एशिया कप क्वालीफायर में रजत पदक जीता है। इसके साथ ही भारत ने 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक होने वाले चौथे एशिया कप के लिए आधिकारिक रूप से क्वालीफाई कर लिया है। उनके साथ मध्यप्रदेश की दोनों खिलाड़ी फ़ाइजा अली और नम्रता गौड भी इस टीम में शामिल थीं। मध्यप्रदेश की दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी पारी खेली और भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रजत पदक के साथ ऐतिहासिक योग्यता भारतीय टीम ने फाइनल तक पहुंचने के लिए क्वालीफायर में कड़ी टक्कर दी और रजत पदक जीतकर देश का परचम लहराया। यह सफलता सिर्फ पदक तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि यह भारत के लिए चौथे एशिया कप का आधिकारिक प्रवेश द्वार भी बन गई। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए मध्यप्रदेश बेसबॉल संगठन के अध्यक्ष महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं महासचिव महेश जोशी मोनी और विशेषकर मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। बेसबॉल के मैदान में भारतीय महिलाओं ने इतिहास रच दिया। इस रजत पदक के साथ भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने न केवल सफलता हासिल की है, बल्कि आगामी एशिया कप के लिए एक नया हौसला भी हासिल किया। प्रतियोगिता में आठ देशों की टीम में सम्मिलित हुई थी। लीग माचो में भारत ने श्रीलंका को 14-04, पाकिस्तान को 2-1 एवं ईरान को 13-0 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया ने भारत से 6-5 के स्कोर से विजय प्राप्त की। भारत अब 26 अक्टूबर को होने वाली मुख्य प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के लिए तैयार में जुड़ जाएगा!

# नव्या, आराधना, अभ्युदय, छवि बने विजेता



**इंदौर।** डेली कॉलेज में पिछले पांच दिनों से चल रही आईपीएससी स्क्वॉश चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हुआ। इन पांच दिनों में बहुत कश्मकश भरे मैच देखे गए। नवोदित खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा की चमक से न केवल सभी को चमत्कृत किया बल्कि यह आश्वस्त भी किया कि भारत के स्क्वॉश का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि डेली कॉलेज इंदौर की प्राचार्या डॉ. गुनमीत बिंद्रा थीं। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए, उन्हें उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डेली कॉलेज के उप प्राचार्य सर्वश्री तुषार भारद्वाज, सोमेन सिंहबाबू के अलावा डेली कॉलेज के बर्सर हर्षवर्धन सिंह, मुख्य स्क्वॉश प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह तथा स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर हरदीप सिंह गिल भी मौजूद थे।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में व्यक्तिगत स्पर्धा के बालिकाओं में अंडर-12 में विजेता नव्या खंडेलवाल (डेली कॉलेज), विजेता हर्षवीर पाहवा (डेली कॉलेज), अंडर-14 में विजेता आराधना (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा) व बालक - अंडर 14 में विजेता अभ्युदय (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा) रहे। बालिकाएं अंडर 17 में विजेता देवश्री (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा), बालक - अंडर 17 में विजेता गुरकीरत सिंह (राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज) बालिकाए - अंडर 19 में विजेता छवि सरन (राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल) व बालक - अंडर 19 में विजेता अतुलित त्रिपाठी (वेलहम बॉयज स्कूल) रहे।

टीम स्पर्धा में बालिकाएं - अंडर 12 में विजेता डेली कॉलेज व बालक - अंडर 12 में विजेता डेली कॉलेज विजेता रहे। बालिकाएं - अंडर 14 में विजेता मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा तथा बालक वर्ग में विजेता मेयो कॉलेज रहा। बालिकाएं - अंडर 17 में विजेता एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल तथा बालक वर्ग में विजेता राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज रहा। बालिकाएं - अंडर 19 में विजेता राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल तथा बालकों में विजेता वेलहम बॉयज स्कूल रहा।

# जिला अस्पताल से सिरपुर तालाब तक फ्लाई ओवर की हो रही तैयारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

## सर्वे का कार्य हुआ प्रारम्भ

धार रोड पर एक फ्लाई ओवर बनाने की तैयारी की जा रही है इसका सर्वे प्रारम्भ कर दिया गया है। ये फ्लाई ओवर लगभग डेढ़ किलोमीटर का होगा इससे धार रोड का यातायात सुगम हो सकेगा। इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव है जिसकी वज़ह से अनेक बार जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है जिससे बचने के लिए यह फ्लाई ओवर प्लान किया गया है। अभी इसकी डीपीआर बनाने से पूर्व सर्वे का कार्य पूर्ण करना होगा जिसके बाद खर्च का अनुमान लगाया जाएगा फिर बाकी की प्रक्रिया की जाएगी।

शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। बढ़ती आबादी और बढ़ते वाहनों की वज़ह से आम नागरिकों को मुश्किलें आ रही हैं। शहर के चुनिंदा मार्ग जो अन्य जिलों को आपस में जोड़ते हैं वहां सभी प्रकार के वाहनों के पंजीयन से सड़क पर ट्रैफ़िक जाम की किल्लत ने मुश्किलें बढ़ा दी है। वाहन रेंगते हुए चलने लगते हैं उनकी गति 10 किमी प्रति घन्टे से भी कम हो गई है। चन्दन नगर वाले इलाके से निकालना अपने आप में बड़ा कठिन कार्य है। टिंबर मार्केट होने से आने जाने वाले वाहनों की वज़ह से भी यहां रोज जाम की स्थिति बनी रहती है और इसका हल फ्लाई ओवर से निकला जा सकता है यही वज़ह है कि नगर निगम के ब्रिज सेल ने इसकी तैयारी कर दी हैं और इस दिशा में कदम भी बढ़ा दिया है। वैसे भी शहर में जिस तरह से जनसँख्या बढ़ रही उससे आने वाले समय में इस मार्ग पर और अधिक दबाव पड़ेगा इस वज़ह से ये फ्लाई ओवर अधिक उपयोगी साबित होगा। ब्रिज सेल के अधिकारी शांति लाल यादव के मुताबिक सर्वे से ही तय होगा कि ब्रिज कितना बड़ा और चौड़ा बनेगा।

## न्यूज इन बॉक्स

### इंग्लैंड दौरे पर ये खिलाड़ी बन सकता है कप्तान



**मुंबई।** रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत का अगला कप्तान कौन होगा? टीम इंडिया को अगले महीने 5 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है, ऐसे में जल्द ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बसीसीआई को नए कप्तान का ऐलान करना होगा। वैसे तो इस पद के कई दावेदार हैं, मगर एक उभरता हुआ नाम अब सामने आ रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि शुभमन गिल हैं। गिल के नाम की चर्चा जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के ऊपर हो रही है। दरअसल, टीम मैनेजमेंट चाहेगा कि वह इंग्लैंड दौरे पर उस खिलाड़ी को ही कप्तान चुने जो पूरे 5 मैच खेल पाए।

अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर चयन समिति का मानना है कि 25 वर्षीय गिल टेस्ट कप्तान बनने के लिए आदर्श उम्मीदवार हैं। हालांकि, चयनकर्ता औपचारिक घोषणा करने से पहले बीसीसीआई से इस बारे में चर्चा करेंगे। बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते इंग्लैंड दौरे पर पूरे 5 मैच नहीं खेल पाएंगे, ऐसे में वह टीम के उप-कप्तान ही बने रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जब उन्होंने पूरी सीरीज खेली थी तो वह चोटिल हो गए थे। ऐसे में बीसीसीआई उनकी फिटनेस के साथ रिस्क नहीं लेना चाहेगी। सूत्रों ने कहा, हम ऐसा खिलाड़ी चाहते हैं जो सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध हो और उसे (बुमराह को) उप-कप्तान की भूमिका दी जानी चाहिए। चयनकर्ता भी चाहते हैं कि किसी को भविष्य के कप्तान के रूप में तैयार किया जाए और नए टेस्ट चक्र के साथ, चयन समिति भारतीय टीम में लंबे समय तक कप्तानी करने वाले खिलाड़ी की तलाश कर रही है और गिल इस बिल में फिट बैठते हैं।

# धोनी ने फिर किया खुलासा, अभी तुरंत रिटायरमेंट नहीं




**कोलकाता।** आईपीएल 2025 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 179 रन लगाए थे। जवाब में सीएसके ने आखिरी ओवर की दो गेंद रहते हुए मैच को जीत लिया। इस मुकाबले में सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नाबाद रहते हुए 17 रन बनाकर अपनी टीम के लिए मैच को खत्म किया। इस मुकाबले के बाद एमएस धोनी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी एक बड़ा बयान दिया।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दो विकेट की जीत के बाद स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में है लेकिन साथ ही कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। सुपरकिंग्स की टीम ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा जिसके बाद धोनी ने समर्थन के लिए दर्शकों की सराहना की और संकेत दिया कि उनका मौजूदा सत्र खत्म होने के साथ संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है।

धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 42 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इस तथ्य से बचा नहीं जा सकता (कि मैं अपने करियर के अंतिम चरण में हूं)। इस आईपीएल के खत्म होने के बाद छह से आठ महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी और देखना होगा कि मेरा शरीर इस दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है लेकिन मैंने जो प्यार और स्नेह देखा है, वह शानदार है।

# रोहित के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा से फैंस दुःखी




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा के अचानक लिए गए इस फैसले से हर कोई हैरान है। रोहित ने ये फैसला इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले लिया है। इंग्लैंड को दौरे पर रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाए जाने की बात चल रही थी। ऐसे में अब उन्होंने टेस्ट फॉर्मेट को ही छोड़ने का फैसला कर लिया। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद सोशल मीडिया पर रिएक्शन की बाढ़ सी आ गई है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा के लिए लिखा, 'थैंक यू कैप्टन, एक युग का अंत हुआ है। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। वह वनडे में भारत की अगुवाई करते रहेंगे। हमें हिटमैन पर गर्व है।'

आईपीएल में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने भी हिटमैन रोहित शर्मा के रिटायरमेंट पर पोस्ट शेयर किया है। सीएसके ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, एक लीडर जिसने एक पीढ़ी को आकार दिया! सफेद जर्सी में आपके कदम के लिए धन्यवाद, रोहित!'

भारतीय क्रिकेटर अमित मिश्रा ने रोहित के रियाटरमेंट पर लिखा, 'एक शानदार टेस्ट क्रिकेट करियर के लिए बधाई रोहित शर्मा। आपने पूरे भारत को गर्व कराया है। आपको वनडे फॉर्मेट में आपके सफर के लिए शुभकामनाएं। भगवान का आशीर्वाद रहे।'

टीम इंडिया के क्रिकेटर मयंक अग्रवाल ने रोहित लिए कहा, पवेलियन से बाहर निकलते समय, 22 गज की दूरी पर मौन समझ, ड्रेसिंग रूम में हंसी-मजाक और मैदान पर हावी होने की मानसिकता। मुझे खुशी है कि मैंने आपके साथ ड्रेसिंग रूप शेयर किया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा के लिए कहा, 'एक मास्टर, एक लीड और एक रत्न! हैश रोहित शर्मा।' पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने रोहित के रिटायरमेंट पर कहा, 'टेस्ट क्रिकेट आपसे बहुत कुछ मांगता है - धैर्य, धैर्य और चरित्र। भाई, आपने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया और फिर भी इसे सहज बना दिया। एक शांत योद्धा से लेकर शीर्ष पर एक नेतृत्वकर्ता तक, सफेद कपड़ों में आपकी यात्रा विशेष रही है। आप पर गर्व है, अच्छा खेलो।'

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दी मात, फाइनल में बनाई जगह

**कोलंबो।** जेमिमा रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाए। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया।

# कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यूनाइटेड शिदो कराते एसोशिएशन आफ इंडिया द्वारा कराते कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन रॉबिन जिम खातीवाला टैंक इंदौर में किया गया। खिलाड़ियों ने अलग-अलग कलर बेल्ट परीक्षा में भाग लिया। अलग-अलग परीक्षा में पास होने वालों को पुरस्कृत भी किया।

## जीतकर भी आईपीएल की सबसे फिसड्डी टीम सीएसके

**कोलकाता ।** महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 के 57वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से हराया। यह सीएसके की इस सीजन की तीसरी जीत है, मगर इसके बावजूद टीम आईपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 10वें पायदान पर लगी हुई है। वहीं केकेआर को इस हार से पॉइंट्स टेबल में तो कोई नुकसान नहीं हुआ है। टीम 6ठे पायदान पर बनी हुई है, मगर इस हार से उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को तगड़ा झटका जरूर लगा है। कोलकाता अब प्लेऑफ की दौड़ में पिछड़ गई है।

लीग स्टेज के अभी 13 मुकाबले बाकी है, मगर टॉप-4 की तस्वीर लगभग-लगभग साफ हो गई है। अब सिर्फ दिल्ली कैपिटल्स की टीम ही है जो खेला कर सकती है। उनकी टक्कर सीधा मुंबई इंडियंस से होगी जो अब अधिकतम 16 पॉइंट्स तक पहुंच सकती है। अगर मुंबई एक मैच हारती है तो केकेआर के प्लेऑफ के दरवाजे खुल सकते हैं।

# रहाणे ऑरेंज कैप की दौड़ में हुए शामिल



**कोलकाता।** चेन्नई सुपर किंग्स व कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2025 का 57वां मुकाबला ईडन गार्डन्स में खेला गया। सीएसके ने बुधवार को रोमांचक मैच में दो गेंद बाकी रहते दो विकेट से जीत दर्ज की। केकेआर ने 180 का टारगेट दिया था। इस मैच के बाद ऑरेंज कैप लिस्ट में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। हालांकि, केकेआर के कप्तान और अनुभवी बैटर अजिंक्य रहाणे को जरूर फायदा मिला। वह ऑरेंज कैप की रेस में पांच स्थानों की छलांग लगाकर 13वें पर पहुंच गए हैं। वह 12 मैचों में 37.50 की औसत से 375 रन बना चुके हैं।

रहाणे ने केकेआर वर्सेस सीएसके मैच में टिककर बल्लेबाजी की लेकिन वह फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 33 गेंदों का सामना करने के बाद 48 रन बटोरे, जिसमें चार चौके और दो सिक्स शामिल हैं। फिलहाल, ऑरेंज कैप मुंबई इंडियंस (एमआई) के सूर्यकुमार यादव के पास है। उन्होंने 12 मैचों में 63.75 की औसत से 510 रन जुटाए हैं। मौजूदा सीजन में सबसे ज्याद रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में गुजरात टाइटंस (जीटी) के ओपनर साई सुदर्शन दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने 11 मुकाबलों में 509 रन जोड़े हैं, जिसमें 46.27 का औसत है। उनके बाद जीटी कैप्टन शुभमन गिल (508) और आरसीबी के विराट कोहली (505) हैं। अभी तक कुल पांच खिलाड़ियों ने 500 या उससे अधिक रन बनाए हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के युवा स्पिनर नूर अहमद पर्पल कैप छीनने से बाल-बाल बचे। उन्होंने कोलकाता के मैदान पर शानदार गेंदबाजी करते हुए चार शिकार किए। उन्होंने चार ओवर के स्पेल में 31 रन खर्च किए। अफगानिस्तान के नूर के खाते में 12 मैचों में 20 विकेट हो गए हैं। वह जारी सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर आ गए। गुजरात टाइटंस के पेसर प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 मैचों में 20 शिकार किए हैं और उनके सिर पर्पल कैप सजी है।

नूर के बाद लिस्ट में आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मुंबई के पेसर ट्रेंट बोल्ट हैं, जिन्होंने 18-18 विकेट अपने नाम किए। केकेआर के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा की टॉप-10 में एंट्री हुई है। वह ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर चले गए हैं। उन्होंने सीएसके के सामने तीन विकेट हासिल किए। हालांकि, वैभव महंगे साबित हुए। उन्होंने तीन ओवर में 48 रन लुटाए। केकेआर के हर्षित राणा दो विकेट लेने के बाद सूची में नौवें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने चार ओवर के स्पेल में 43 रन दिए।

## मासूम ने कुरकुरे खाकर पन्नी फेंकी तो दी जान से मारने की धमकी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि झलारिया में रहने वाली मधु द्विवेदी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी दो साल की बेटी ने कुरकुरे खाकर पन्नी घर के बाहर बरामदे में फेंक दी, इसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले रवि पिता भूरालाल पोरवाल ने गालीगलौच की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## महिला के घर से चोरों ने उड़ाए डेढ़ लाख के जेवरात

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। आजादनगर पुलिस ने बताया कि प्रेमनगर पानी की टंकी के सामने मूसाखेड़ी में रहने वाली रुकमणि जितेंद्र चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों ने रात को उनके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां से सोने-चांदी के जेवरात ले गए। फरियादी ने बताया कि चोरी गए जेवरात की कीमत करीबन 1 लाख 45 हजार रु. है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# राजस्थान से लाकर ब्राउन शुगर बेचने वाले दो तस्कर धराए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



**क्राइम ब्रांच की टीम ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त दो बदमाशों को एमआर-4 से घेराबंदी कर दबोचा हैं। आरोपियों के कब्जे से करीब 22.19 ग्राम ब्राउन शुगर व एक बाइक बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों ने सस्ते दामों पर राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से ड्रग्स खरीदकर लाने के बाद उसे बेचने की बात कबूली हैं।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा संदिग्ध की चेकिंग के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं।इस दौरान एमआर-4 सिद्धेश्वर जालंधर नाथ महादेव मंदिर के सामने बाइक पर दो संदिग्ध दिखे जो पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे।बाइक सवारों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम वीरेन्द्र दयाल उर्फ विरु निवासी राजा बाग कॉलोनी बाणगंगा व सचिन सिंह ठाकुर उर्फ गोलू निवासी सुगंधा नगर बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 22.19 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई। दोनो के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया हैं। आरोपियों से ड्रग तस्करी के रैकेट को लेकर पूछताछ की जा रही हैं। उधर द्वारकापुरी पुलिस ने सिरपुर तालाब के पास से आरोपी मुकेश उर्फ छोटू महावर निवासी आस्था पैलेस को 8.05 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया हैं।

## वाहन धीरे चलाने का बोला तो कर दी पिटाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि नई बस्ती निरंजनपुर में रहने वाली मीना कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका बेटा पवन कुशवाह स्कूटी से जा रहा था तो घर के पीछे मोड़ पर अन्ना उर्फ देवेंद्र कुशवाह अपनी स्कूटी को तेज चलाकर सामने आया तो पवन ने उसे कहा कि वाहन धीरे चलाया करो तो वह घूरने लगा और बाद में घर के बाहर आकर गालीगलौच करने लगा, जब पवन ने गाली देने से मना किया तो अन्ना ने मारपीट की जिससे वह चोटिल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# प्रेमी की बेवफाई से दुखी होकर दी जान


इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**25 दिन बाद प्रकरण दर्ज, आरोपी की तलाश**

एरोड्रम इलाके में करीब 25 दिन पहले युवती द्वारा की गई आत्महत्या में प्रेमी की बेवफाई सामने आई हैं। प्रेमी उसे धोखा देकर अन्य युवती से विवाह करने वाला था जिससे दुखी होकर युवती ने मौत को गले लगा लिया।जांच के बाद अब प्रेमी पर केस दर्ज किया गया हैं।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक गत 13 अप्रैल को वंदना नगर छोटा बांगड़दा निवासी हर्षिता पिता भगवती प्रजापत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी।जांच के दौरान हर्षिता के माता पिता ने अपने कथनों में पुलिस को बताया कि उनकी बेटी हर्षिता का इलाके में रहने वाले पंकज चौहान से एक ढेड़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पंकज चौहान के व्दारा हर्षिता से शादी करने का वादा किया गया ,लेकिन वह शादी के वादे से मुकर गया।मौत से पहले हर्षिता व्दारा एक पन्ने का सुसाइड नोट लिखा था, जिसमे उसने अपने प्रेमी पंकज चौहान के द्वारा शादी करने से मना करने का जिक्र किया था ।पुलिस के मुताबिक प्रेमी पंकज दूसरी लड़की से शादी कर रहा था जिससे हर्षिता को इतनी ग्लानि हुई कि उसने दुखी होकर आत्म हत्या कर ली है। परिजनों के बयान और सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस अब पंकज के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही हैं।

## पब में भगवान के नाम पर बजरंग दल को आपत्ति







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बजरंग दल इंदौर विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर ने बताया कि तीन दिन पहले 5 मई को तिलक नगर थाना क्षेत्र के पब में एक इवेंट किया गया था, जिसमें भगवान महादेव और अन्य भगवान के भजन गाए जा रहे थे और पूल पार्टी चल रही थी और पार्टी में लोग शराब के जाम छलका रहे थे। दरेकर ने कहा कि उस पार्टी में कुछ नाबालिग भी थे। इस मामले में बजरंग दल विभाग सहसंयोजक अविनाश कौशल ने बताया कि पब के वीडियो को उन्होंने देखा, जिसमें हिन्दू देवी-देवताओं के साथ मजाक बनाया गया। इस मामले की तिलक नगर थाना में शिकायत भी अविनाश कौशल ने की है।

## बच्चे को धक्का देने पर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदननगर इलाके में एक बच्चे को पड़ोसी बच्चों द्वारा धक्का देने को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षो में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया हैं।**

चंदननगर पुलिस के मुताबिक घटना लोहा गेट 9 वी गली की हैं, जहां रहने वाले एक पक्ष की तरफ से सिद्दीकी की रिपोर्ट पर सुल्तान, भूरी और नीलोफर के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। फरियादी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि मेरी बहन सादेका और भाई सादिक ने जाकर पड़ोसी सुल्तान को बोला कि तुम्हारे बेटे ने खेलते समय हमारी बहन के बच्चे को धक्का दे दिया जिससे उसको चोट आई है, तुम बच्चो को समझाते क्यो नही हो। इस पर से सुल्तान मेरी बहन सादेका और भाई सादिक को गाली गुप्ता करने लगा जब मेरी बहन सादेका और भाई सादिक ने गाली देने मना किया तो सुल्तान व अन्य आरोपी दोनो के साथ झूमाझटकी कर मारपीट करने लगे। उधर दूसरे पक्ष की ओर से सुल्तान की रिपोर्ट पर सादिक, इब्राहिम, रहीम और सादेका के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं, जिसमें आरोपियों पर बच्चे व अन्य के साथ मारपीट के आरोप लगाए गए।

# बिल्डिंग में हादसे का शिकार कारीगर की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**एक माह तक जिंदगी और मौत से करता रहा संघर्ष**

**सराफा इलाके में निर्माणाधीन बिल्डिग में कारीगर की मौत हो गई। बिल्डिग में संतुलन बिगड़ने से वह बेसमेंट में लिफ्ट के गाले में जा गिरा और सरिया गले के से घुसकर सिर के बाहर हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।**

सराफा पुलिस के मुताबिक घटना छोटा सराफा के निर्माणाधीन बिल्डिग की है। यहां पर काम के दौरान 6 अप्रैल को विष्णु पिता मोहनलाल वर्मा (45) लिफ्ट के गाले से नीचे जा गिरा। हादसे में उसे गर्दन और सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद यूनिक और कौशल्या अस्पताल में उनका एक माह तक उपचार चला। एक दिन पहले डॉक्टरो ने एक आपरेशन की बात की। परिवार की आर्थिक स्थिती ठीक नही होने के चलते उन्हें मंगलवार को एमवाय अस्पताल लेकर आया गया। दोपहर में सर्जरी के बाद डॉक्टरो ने 24 घंटे का समय वेंटीलेटर पर रखने की बात कही, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। परिवार के मुताबिक वह एक



माह से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा था। परिवार के मुताबिक विष्णु का एक 11 साल का बेटा है, वही एक 6 साल की बेटी है। घर का पालन पोषण करने वाले वही थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम किया है जिसमें लापरवाही बरतने के मामले में जांच की जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।